अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 249 | लखनऊ, रविवार, 29 मार्च 2026 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से की बातचीत, पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से बातचीत कर पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण स्थिति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मुताबिक बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय ऊर्जा अवसंरचना पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने ऐसे हमलों की भारत की ओर से कड़ी निंदा दोहराई। मोदी ने बताया कि बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने समुद्री मार्गों की सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर सहमति जताई, ताकि वैश्विक व्यापार और आपूर्ति शृंखला बाधित न हो। प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब में रह रहे भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए क्राउन प्रिंस के निरंतर सहयोग के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

### अआप सांसद संजय सिंह मामले की सुनवाई टली

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में आम आदमी पार्टी (अआप) के नेता एवं सांसद संजय सिंह से जुड़े आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के एक पुराने मामले की सुनवाई शनिवार को टल गयी। अब छह अप्रैल को होगी सुनवाई संजय सिंह के अधिवक्ता मदन सिंह ने शनिवार को बताया कि राम नवमी के अवकाश के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। इससे पहले, 19 मार्च को भी मामले की सुनवाई गवाहों की अनुपस्थिति के कारण टल गई थी। हालांकि, 27 फरवरी को एफआईआर लेखक अजीत कुमार ने अदालत में पेश होकर अपना बयान दर्ज कराया था, जिस पर बचाव पक्ष के वकील ने जिरह की थी। मुकदमे के जांच अधिकारी अनूप कुमार सिंह भी अदालत में मौजूद थे। उनकी मुख्य परीक्षा पहले ही पूरी हो चुकी है।

### मोदी-ट्रंप के बीच 24 मार्च को फोन पर हुई वार्ता सिर्फ द्विपक्षीय: भारत

नई दिल्ली। भारत ने शनिवार को स्पष्ट किया कि 24 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच टेलीफोन पर हुई वार्ता केवल दोनों देशों के बीच ही सीमित थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बयान में कहा, हमने खबर देखी है। 24 मार्च की टेलीफोन वार्ता केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई थी।ङ्क उन्होंने कहा कि यह बातचीत पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करने के लिए थी।

# विकसित उप्र की 'उड़ान' का प्रतीक बना नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट : मोदी

## पश्चिम एशिया संकट से पूरा विश्व चिंतित, भारत मजबूती से कर रहा मुकाबला : प्रधानमंत्री

● प्रधानमंत्री ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन किया, एमआरओ सुविधा का भी शिलान्यास

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



नोएडा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (जेवर एयरपोर्ट) के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने विमान रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल (एमआरओ) सुविधा का भी शिलान्यास किया।

इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह परियोजना केवल एक एयरपोर्ट नहीं, बल्कि देश के युवाओं के भविष्य को नई उड़ान देने वाला प्रयास है। विकसित भारत के संकल्प के तहत आज एक नए अध्याय की शुरुआत हो रही है और उत्तर प्रदेश अब देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है जहां सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे विकसित हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें इस परियोजना का शिलान्यास और उद्घाटन दोनों करने का अवसर मिला, जो उनके लिए विशेष गौरव का विषय है। उन्होंने इसे जनता को समर्पित करते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास का नया इंजन बनेगा और आगरा, मथुरा, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर सहित पूरे क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट किसानों, लघु एवं मध्यम उद्योगों और युवाओं के लिए नए अवसर लेकर आएगा। यहां से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के साथ-साथ क्षेत्रीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। यह परियोजना विकसित उत्तर प्रदेश की उड़ान का प्रतीक बनेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कई देशों में खाद्य सामग्री, पेट्रोल-डीजल और गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं का संकट उत्पन्न हुआ है। भारत भी इस क्षेत्र से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल आयात करता है, लेकिन सरकार इस चुनौती से निपटने के लिए हर संभव कदम उठा रही है ताकि आम नागरिकों और किसानों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े। उन्होंने कहा कि संकट के बावजूद भारत की विकास गति बरकरार है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हाल के सप्ताहों में इस क्षेत्र में कई बड़े प्रोजेक्ट शुरू या पूर्ण हुए हैं, जिनमें नोएडा में सेमीकंडक्टर फैक्ट्री का शिलान्यास, दिल्ली-मेरठ नमो भारत रेल की प्रगति और मेरठ मेट्रो का विस्तार शामिल है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट डबल इंजन सरकार की कार्य संस्कृति का उदाहरण है।

## जेवर एयरपोर्ट से यूपी को मिलेगी नई रफ्तार : योगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जेवर। उत्तर प्रदेश के जेवर में आज देश के एविएशन सेक्टर को नई ऊंचाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट 'नए भारत' की बदलती तस्वीर का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट से यूपी को नई पहचान और रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश को वैश्विक कनेक्टिविटी के साथ विकास की नई दिशा देगा और प्रदेश को निवेश के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।

मुख्यमंत्री ने पिछले एक दशक में केंद्र सरकार की नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारकर परिणाम भी दिए गए। उन्होंने पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों और आपूर्ति को लेकर केंद्र सरकार के फैसलों को उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत में कीमतों को नियंत्रित रखना और सप्लाई चेन को सुचारु बनाए रखना बड़ी उपलब्धि है।

# नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली गिरफ्तार

● जेन-जी हिंसा के आरोप में लिए गए हिरासत में

एजेंसी



काठमांडू। नेपाल की राजनीति में बड़ा उलटफ़ेर आ गया है। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को पिछले साल हुए घातक जेन-जी विरोध प्रदर्शनों में कथित भूमिका के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई नई सरकार के सत्ता में आने के महज कुछ दिनों के अंदर हुई है, जिससे देशभर में सियासी हलचल मच गई है। ओली के साथ उनके पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को भी गिरफ्तार किया गया है। काठमांडू वैली पुलिस ने दोनों को शनिवार सुबह हिरासत में लिया और अब आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू हो गई है।

नई सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई किसी राजनीतिक बदले की भावना से नहीं, बल्कि कानून के अनुसार की जा रही है। नए गृहमंत्री सुदन गुरूंग ने कहा, वादा वादा होता है और कानून सबसे ऊपर है। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, केपी ओली ने अपनी गिरफ्तारी को राजनीतिक प्रतिशोध बताया है और कहा है कि वे कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।

जेन-जी आंदोलन क्या था?- पिछले साल सितंबर में नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए, जिन्हें जेन-जी आंदोलन नाम दिया गया। ये प्रदर्शन अचानक हिंसक रूप ले बैठे और महज दो दिनों में 70 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। इस हिंसा के बाद ओली सरकार पर भारी दबाव बना और अंततः उनकी सरकार गिर गई थी। हाल ही में गठित उच्च स्तरीय जांच आयोग ने अपनी रिपोर्ट में साफ कहा कि उस समय सत्ता में बैठे उच्च अधिकारियों ने हालात को नियंत्रित करने में लापरवाही बरती।

# भारतीय सेना को मिली 2,000 स्वदेशी 'प्रहार'

● अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने सेना को सौंपी स्वदेशी 'प्रहार' एलएमजी

एजेंसी



नई दिल्ली। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस और इजराइल वेपन इंडस्ट्रीज ने संयुक्त रूप से विकसित 'प्रहार' 7.62 मिमी लाइट मशीन गन (एलएमजी) की 2,000 यूनिट भारतीय सेना को सौंप दी हैं। यह डिलीवरी 40 हजार से अधिक गनों के बड़े ऑर्डर का हिस्सा है और मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत तैयार की गई है। केंद्रीय रक्षा मंत्रालय के अनुसार शनिवार को मध्यप्रदेश के ग्वॉलियर के बाहरी इलाके में स्थित अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के स्मॉल आर्म्स कॉम्प्लेक्स में एलएमजी सौंपने के लिए एक समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान रक्षा मंत्रालय के डीजी एक्विजिशन ए अनबरासु, कंपनी के सीईओ आशीष राजवंशी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।मंत्रालय ने बताया कि पहली खेप तय समय से 11 महीने पहले, केवल 7 महीनों में पूरी कर ली गई। प्रोडक्शन का पहला मॉडल भी 6 महीने में तैयार हो गया, जबकि इसके लिए 18 महीने का लक्ष्य रखा गया था। इसके बाद बड़े पैमाने पर उत्पादन की मंजूरी मिलने के साथ सप्लाई प्रक्रिया तेज हो गई।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मध्य प्रदेश के ग्वॉलियर में स्थित अदाणी डिफेंस की स्मॉल आर्म्स फैसिलिटी देश की पहली पूरी तरह इंटीग्रेटेड निजी क्षेत्र की स्मॉल आर्म्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है, जहां बैरल, बोल्ट कैरियर और रिसीवर निर्माण से लेकर एडवांस सीएनसी मशीनिंग, रोबोटिक्स, मेटलर्जी लैब और 25 मीटर की अंडरग्राउंड फायरिंग रेंज जैसी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं।इस यूनिट की उत्पादन क्षमता हर साल करीब 1 लाख हथियार बनाने की है, जिनमें 90 प्रतिशत से अधिक हिस्से देश में ही तैयार किए जाते हैं। इससे विदेशी हथियारों पर निर्भरता कम होगी और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी। साथ ही, यह यूनिट क्षेत्र में रोजगार और एमएसएमई को भी बढ़ावा दे रही है। इस एलएमजी निर्माण में उत्तर प्रदेश के कानपुर स्थित अदाणी डिफेंस के एम्युनिशन कॉम्प्लेक्स भी सहयोग कर रहा है, जिसे 2024 में शुरू किया गया था। इस कॉम्प्लेक्स में हर साल करीब 30 करोड़ छोटे कैलिबर के गोला-बारूद बनाने की क्षमता है और भविष्य में इसे बड़े व मीडियम कैलिबर एम्युनिशन के लिए भी विकसित किया जा रहा है।

# राजनाथ सिंह की अगुवाई में आईजीओएम की बैठक

● पश्चिम एशिया संकट के असर की समीक्षा

एजेंसी



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंत्रियों के अनौपचारिक समूह (आईजीओएम) की बैठक शनिवार को हुई, जिसमें पश्चिम एशिया में जारी संकट से उत्पन्न स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा, नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री जितेन्द्र सिंह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बैठक की तस्वीर साझा कर बताया कि बैठक में ऊर्जा आपूर्ति पर संभावित जोखिम, आवश्यक वस्तुओं की घरेलू उपलब्धता, महत्वपूर्ण अवसंरचना की मजबूती तथा भारत की आपूर्ति शृंखलाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों पर गहन चर्चा हुई और भारत सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का आकलन किया गया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि मोदी सरकार स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए है और देशवासियों को किसी भी संभावित प्रभाव से सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार,एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति भी सामान्य : सरकार

नई दिल्ली। सरकार ने लोगों को शनिवार को एक बार फिर आश्वस्त किया कि देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है तथा शुक्रवार को देश में 54 लाख से अधिक एलपीजी रीफिल वितरित किए गए। पेट्रोलियम और गैस मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में निरंतर बिगड़ती स्थिति और होर्मुज़ जलडमरूमध्य के रास्ते ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के मद्देनजर एक बयान जारी कर देश में ऊर्जा की स्थिति और उससे निपटने की तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी।

## डॉ सुशील चंद्र तिर्वेदी द्वारा रचित पुस्तक प्रो. जयप्रकाश सैनी को की भेंट



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क


लखनऊ। साहित्य परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुशील चंद्र तिर्वेदी द्वारा रचित पुस्तक को साहित्य परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ पवनपुत्र बादल द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो जयप्रकाश सैनी को भेंट की, सरल और भावपूर्ण शैली का यह अद्भुत काव्य संग्रह है।

# मुर्शिदाबाद में राम नवमी शोभायात्रा हिंसा मामले में अब तक 30 गिरफ्तार

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर क्षेत्र में राम नवमी शोभायात्रा को लेकर हुई हिंसा मामले में पुलिस ने अब तक 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की संयुक्त कार्रवाई के बाद स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को हुई झड़पों के दौरान क्षेत्र का माहौल कुछ समय के लिए युद्ध जैसी स्थिति में बदल गया था। इस दौरान कई लोग घायल हुए, जिनमें से कुछ का



अभी भी स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, स्थिति सामान्य होने के बाद राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों की संयुक्त टीमों ने हिंसा में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की। शुक्रवार शाम से लेकर शनिवार शाम तक 30 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस ने बताया कि हिंसा में शामिल अन्य लोगों की तलाश के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस मामले में कई प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, जिनमें पुलिस की ओर से स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज किया गया मामला भी शामिल है। संवेदनशील इलाकों में केंद्रीय बलों की लगातार गश्त जारी है और फ्लैग मार्च भी किया जा रहा है ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे। वहीं, घटना को गंभीरता से लेते हुए निर्वाचन आयोग ने राज्य के पुलिस महानिदेशक से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।एक जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि समय पर हस्तक्षेप, रात भर गश्त और त्वरित गिरफ्तारियों के कारण शनिवार सुबह से इलाके में स्थिति काफी सामान्य हो गई है।

# बंगाल चुनाव 2026 : सहानुभूति की राजनीति कर रही हैं ममता : अमित शाह

● 15 साल के शासन पर पेश किया आरोप पत्र

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में पिछले 15 वर्षों से भय, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति चल रही है और आने वाला चुनाव यह तय करेगा कि बंगाल की जनता भय को चुनेगी या भरोसे को।

इसके साथ ही अमित शाह ने तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक विस्तृत आरोप पत्र भी जारी किया। उन्होंने कहा कि, यह किसी एक दल का दस्तावेज नहीं बल्कि बंगाल की जनता की आवाज है, जिसे उनकी पार्टी सामने



ला रही है। उन्होंने कहा कि यह आरोप पत्र राज्य सरकार के 15 वर्षों के काले कारनामों का संकलन है।

अपने संबोधन में अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सहानुभूति की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह हमेशा खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश करती हैं। उन्होंने कहा कि कभी चोट लगने का मामला सामने आता है, कभी सिर पर पट्टी बांधकर सहानुभूति लेने की कोशिश होती है, कभी बीमारी का हवाला दिया जाता है और कभी चुनाव कराने वाली संवैधानिक संस्था पर आरोप लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब इन बातों को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि बंगाल का यह चुनाव केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं बल्कि राज्य को भय के माहौल से मुक्त कराने का चुनाव है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में आम लोगों को जान-माल की सुरक्षा को लेकर डर रहता है, संपत्ति लूटे जाने का भय बना रहता है, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता रहती है और युवाओं को अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। अमित शाह ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में संगठित वसूली तंत्र खड़ा कर दिया गया है और भ्रष्टाचार व्यवस्था का हिस्सा बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऊपर से नीचे तक आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं और आम लोगों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि विकास के अभाव में बंगाल उद्योगों के लिए कब्रगाह बन गया है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में अवैध घुसपैठ एक गंभीर समस्या बन चुकी है और इसे राजनीतिक संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों से हो रही घुसपैठ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी चिंता का विषय है। उनका कहना था कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अमित शाह ने यह भी दावा किया कि उनकी पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों के आंकड़े बताते हैं कि भाजपा का मत प्रतिशत और सीटों की संख्या लगातार बढ़ी है और अब पार्टी राज्य में एक मजबूत राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हो चुकी है।

# बारिश और ओलावृष्टि से फसल नुकसान की राहत 24 घंटें में किसानों को पहुंचाए अधिकारी : प्रमुख सचिव राजस्व

● जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं: अपर्णा यू

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों और परिवारों को राहत राशि का वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख सचिव राजस्व अपर्णा यू ने शनिवार को निर्देश दिए है। उन्होंने अपने निर्देश कहा कि प्रभावित जनपदों के जिलाधिकारी बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली व आंधी-तूफान के कारण हुए फसल क्षति का आकलन कराते हुए 24 घंटे के अंदर प्रभावित किसानों को राहत राशि का वितरण करना सुनिश्चित करें।

प्रमुख सचिव राजस्व ने शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थिति सभागार में बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली व आंधी-तूफान से हुए फसल क्षति, जनहानि, मकान क्षति, पशुहानि इत्यादि पर दिये गये राहत राशि वितरण की समीक्षा की। उन्होंने समस्त जिलाधिकारियों, समस्त अपर जिलाधिकारी राजस्व सहित राजस्व व राहत कार्मिकों को संवेदनशीलता के साथ प्राथमिकता पर राहत कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। समस्त जिलाधिकारियों को प्रभावित परिवारों से व्यक्तिगत संवाद स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राहत राशि निर्गत किये जाने के लिए शासन में बजट की कोई कमी नहीं है। राहत आयुक्त कार्यालय ने 15 मार्च 2026 से अब तक 20 करोड़ रुपये की राहत धनराशि जनपदों को निर्गत की है। अगर किसी जनपद में बजट की कोई कमी हो तो वे तत्काल इसकी मांग राहत आयुक्त कार्यालय से कर लें। प्रमुख सचिव राजस्व ने जिलाधिकारियों को प्रत्येक प्रभावित परिवारों के मध्य राहत राशि का वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने राहत राशि वितरण कार्यों में शिथिलता बरतने पर लापरवाह कार्मिक के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनसामान्य से अपील किया कि राहत राशि प्राप्त करने में कठिनाई होने पर राहत आयुक्त कार्यालय में संचालित टोल फ्री नम्बर पर 1070 पर शिकायत दर्ज करायें। उन्होंने बताया कि भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, 31 मार्च तक विभिन्न जनपदों में बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली व आंधी-तूफान आने की चेतावनी जारी की गयी है। ऐसी स्थिति में जनसामान्य सतर्क रहते हुए सावधानी पूर्वक अपने कार्यों को करें। उन्होंने समस्त जिलाधिकारियों को अपने-अपने जनपदों में जनसामान्य के मध्य खराब मौसम से संबंधित सूचनाओं को विभिन्न माध्यमों से प्रसारित कराने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारियों से प्राप्त सूचना के अनुसार, 15 मार्च से 28 मार्च तक बेमौसम बारिश में कुल 17 जनहानि, 11 पशुहानि तथा सहारनपुर एवं ललितपुर में 1661.75 हेक्टेयर फसल क्षति हुयी है।

## पूर्वोत्तर रेलवे के स्वच्छता मित्रों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा ऐशबाग रेलवे पॉलीक्लिनिक पर एक स्वास्थ्य परीक्षण तथा डेंटल चौकअप शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दीक्षा चौधरी के दिशा निर्देशन में किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ0 रंजना पाटनी, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, डॉ0 रुचिका किशोर, डेंटल सर्जन द्वारा सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकीय जांच में सफाई कर्मचारियों में डेंटल कैविटी (दांतों में सड़न) एवं ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस पाया गया। इसके अतिरिक्त उच्च रक्तचाप तथा सीओपीडी की पहचान की गई। जांच उपरांत सभी संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार संबंधी परामर्श के साथ दवाएं प्रदान की गई।

# पूर्व मंत्री मोहसिन रज़ा ने वरिष्ठ शिया धर्मगुरु मौलाना हमीदुल हसन का लिया कुशलक्षेम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री मोहसिन रज़ा शनिवार को प्रदेश को राजधानी लखनऊ में वरिष्ठ शिया धर्मगुरु मौलाना हमीदुल हसन के आवास पर पहुँचे और उनकी कुशलक्षेम जानी। मोहसिन रज़ा ने मौलाना हसन के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके जल्द से जल्द मुकम्मल स्वास्थ्य (शिफा-ए-कामिला) के लिए दुआ की। उन्होंने दुआ में कहा कि अल्लाह मौलाना की उम्र में बरकत दे और इस बुज़ुर्ग आलिम-ए-दीन का साया और सरपरस्ती हम सब पर बनी रहे। इस अवसर पर एक ऐतिहासिक संस्मरण भी ताजा हुआ, जो संलग्न दस्तावेज़ में भी वर्णित है। मौलाना हमीदुल हसन का भारत और ईरान के बीच सांस्कृतिक, धार्मिक और कूटनीतिक रिश्तों को मज़बूत करने में गत 50 वर्षों से अधिक का अद्वितीय योगदान रहा है। इस 'गोल्डन जुबली' के अवसर पर मिला उनका 'प्रशस्ति पत्र' (जो यहाँ साझा किया गया है) इस बात का गवाह है कि कैसे उन्होंने आधी सदी से अधिक समय तक दोनों देशों के बीच सौहार्द, ज्ञान और कला के पुलों को सुदृढ़ किया है। पूर्व मंत्री ने ऐसे महान व्यक्तित्व के प्रति सम्मान और उनके स्वास्थ्य की बेहतरी की कामना की।

# सेवा बस्तियों में हिन्दू परिवार मित्र बनायेगी विहिप: देवजी भाई रावत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप)के केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय सामाजिक समरसता प्रमुख देवजी भाई रावत ने शनिवार को बताया कि प्रत्येक जिले में विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता सेवा बस्ती के एक-एक परिवार को गोद लेकर हिन्दू परिवार मित्र बनायेंगे। प्रत्येक जिले में बेरोजगार युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए ट्रेनिंग सेन्टर प्रारंभ कर दलित युवाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जाएगा। इसके अलावा अनुसूचित जाति व जनजाति छात्रावासों में पढ़ने वाले बच्चों से सम्पर्क किया जाएगा। अवध प्रान्त के प्रवास पर आये देवजी भाई रावत ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि समरसता यात्रा के दौरान अस्पृश्यता मुक्त भारत व समरसता युक्त भारत बनाने के लिए गांवों में आम जनता से संकल्प कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि विहिप के कार्यकर्ता देशभर में ऐसे लोगों की सूची बनाएंगे जिन्होंने अनुसूचित समाज के अधिकारों पर डाका डाला है और उनसे वे अधिकार छीनकर उन लोगों दिलाए जा सकें जो उनके वास्तविक अधिकारी हैं। देवजी भाई ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि धर्मांतरण के पश्चात कोई भी व्यक्ति अनुसूचित जाति की संवैधानिक श्रेणी में नहीं आता और ऐसे में उसे एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत संरक्षण प्राप्त नहीं हो सकता। यह निर्णय संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 की भावना के भी अनुरूप है, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि केवल हिन्दू, सिख और बौद्ध धर्म के अनुयायी ही अनुसूचित जाति की श्रेणी में आते हैं। जनसंख्या असंतुलन पर चिंता जाहिर करते हुए देवजी भाई रावत ने कहा कि अब आवश्यकता है कि इस विषय पर एक प्रभावी जनसंख्या नीति बने और नारी सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा सांप्रदायिक जनसंख्या संतुलन नीतियों जैसे माध्यमों के साथ जन मन की सहभागिता से यह कार्य आगे बढ़े।

## जागरण में विवाद, दो युवकों पर धारदार हथियार से हमला, केस दर्ज

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात जागरण के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि कुछ युवकों ने दो लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बंथरा गांव निवासी विक्की सिंह चौहान उर्फ सुरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि वह अपने मित्र विशेष सैनी के साथ 27 मार्च शुक्रवार रात गांव से कुछ दूर उम्मेद खेड़ा स्थित आनंदी माता मंदिर में जागरण देखने गए थे। वहां तरुण दूबे, संदीप लोधी और यश मिश्रा से दो दिन पूर्व हुए विवाद को लेकर उनकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में विक्की सिंह चौहान और उनके मित्र विशेष सैनी चोटिल हो गए। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावरों ने बाद में उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

# देश के पहले टेबल पंचांग का विमोचन, विद्वानों ने सराहा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। रामनवमी के पावन अवसर पर पायनियर मॉन्टेसरी इंटर कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में श्याम सुंदर पाठक द्वारा तैयार देश के पहले टेबल पंचांग का शनिवार को विमोचन किया गया। इस पंचांग का विमोचन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस)के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वान्त रंजन, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त, वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अखिलेश निगम, राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या, वरिष्ठ लेखक डॉ. शीलवन्त सिंह, दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की साध्वी अम्बिका भारती व विद्यालय प्रबन्धक डॉ. ब्रजेन्द्र सिंह ने किया। मुख्य वक्ता स्वान्त रंजन ने भारतीय काल गणना की वैज्ञानिकता, प्राचीनता और उसकी वृहद सामाजिक व दैनिक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्व को सबसे पहले भारत ने कालगणना, ज्योतिष व पंचांग निर्माण की सूर्य व चन्द्र आधारित गणना का बोध कराया। उन्होंने भारतीय इतिहास में काल निर्धारण में हुई अनेक विसंगतियों को इंगित करते हुए चेताया भी कि हमें अपनी जड़ों से जुड़ना है। अपनी महानतम संस्कृति की आधारभूत विशेषताओं- वसुधैव कुटुम्बकम व सर्वे भवन्तु सुखिनः को पुनः आत्मसात करते हुए पुनः भारत को विश्व का मार्गदर्शक व विश्वगुरू बनाना है। श्री स्वान्त रंजन ने इस बात पर भी जोर दिया कि अपनी दैनिक जीवन में हमें भारतीय कालगणना का उपयोग करना है। अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ व अन्य शुभ कार्य हिन्दू तिथि के आधार पर करना है तभी हम इसकी महानता व दिव्यता को समझ पायेंगे। उन्होंने पंचांग निर्माणकर्ता श्याम सुन्दर पाठक की प्रशंसा की और कहा कि अपने व्यस्ततम राजकीय कार्य दायित्वों को निभाते हुए भी अपनी संस्कृति के लिए किए जा रहे प्रयास प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनुकरणीय भी है। गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त ने इस दिव्य ज्योति पंचांग की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें पंचांग के महत्व को समझना है। हमारे ऋषि-मुनियों व विद्वानों ने अनेक शुभ व अशुभ मुहूर्तों का उल्लेख नहीं किया। साथ ही जीवन में आ रहे अनेक कष्टों के उपायों को गौ माता से जोड़ते हुए कहा कि गौ माता की सेवा से जीवन में सारे कष्ट मिट जाते हैं और जीवन में चतुर्विध उन्नति व प्रगति के मार्ग खुल जाते हैं। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अखिलेश निगम ने आज की पीढ़ी को चेताते हुए कहा कि अपनी संस्कृति, तीज-त्यौहारों के महत्व व उसके वैज्ञानिक, सामाजिक व सांस्कृतिक महत्व से कोसों दूर हो गए हैं। दिव्य ज्योति पंचांग के द्वारा वे आसानी से भारतीय कालगणना व उसकी वैज्ञानिकता व महत्व को समझ पायेंगे। साथ ही उन्होंने भारत को श्रेष्ठ भारत बनाने के लिए नशामुक्त भारत का संकल्प भी दोहराया। दिव्य ज्योति पंचांग निर्माणकर्ता श्याम सुन्दर पाठक ने इस पंचांग के निर्माण के पीछे के उद्देश्य को प्रकट करते हुए कहा कि अपने ज्योतिष ज्ञान को अर्जित करने के दौरान उन्होंने महसूस किया कि जो प्रचलित पंचांग है, वे ज्योतिष व पंचांग विशेषज्ञ के लिए समझना भले आसान हो लेकिन आम व्यक्ति के लिए उसे समझना बहुत कठिन था। जबकि पंचांग प्रत्येक व्यक्ति के लिए हर दिन उपयोग में लाना जीवन में सफलता की गारंटी देता है। यह पंचांग आम जनमानस के लिए उन्हीं की सरल भाषा में और हर पहलू पर तार्किक प्रकाश डालते हुए बनाया गया है। इसकी हर साल बढ़ती लोकप्रियता, इसकी उपयोगिता को इंगित करती है। साध्वी अम्बिका भारती ने जोर देते हुए कहा कि अध्यात्म के माध्यम से ही जीवन की, समाज की और यहाँ तक कि सम्पूर्ण राष्ट्र की हर समस्या का समाधान सम्भव है। अन्त में विद्यालय के प्रबन्धक डॉ. ब्रजेन्द्र सिंह समस्त अतिथियों को स्मृति चिन्ह देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन रसना तिवारी ने किया।

## यूपी में 3.26 करोड़ मतदाताओं की जांच पूरी, 10 अप्रैल को होगा फाइनल वोटर सूची का प्रकाशन

**लखनऊ।** निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में कराए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 अप्रैल को किया जाएगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने शनिवार को बताया कि दस्तावेजों के सत्यापन और सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अंतिम मतदाता सूची में 13.25 करोड़ (132.5 मिलियन) से अधिक मतदाताओं के नाम शामिल होने की संभावना है, जो पहले की तुलना में करीब 20 लाख नहीं बल्कि लगभग 2 करोड़ (20 मिलियन) कम होंगे। एसआईआर शुरू होने से पहले प्रदेश में करीब 15.2 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआईआर के दौरान जिन 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे, उनकी सुनवाई शुक्रवार को पूरी कर ली गई। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जारी किए गए 100 प्रतिशत नोटिसों पर सुनवाई पूरी हो चुकी है। अक्टूबर 2025 में फ्रीज की गई मतदाता सूची में 12.55 करोड़ नाम शामिल थे। इनमें से 1.04 करोड़ मतदाताओं के नाम 2003 की मतदाता सूची से मेल नहीं खा रहे थे यानी उनके रिकॉडर, या उनके माता-पिताध्दादा-दादी के विवरण से असंगत पाए गए।

# टेक्नो स्पार्क 50 5जी, 6500 एमएएच की ज़बरदस्त बैटरी और मिलिट्री ग्रेड ड्यूरेबिलिटी के साथ लॉन्च हुआ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। भारत के पास कोई पॉज़ बटन नहीं है और न ही इसे आगे बढ़ाने वाले लोगों के पास। टेक्नो में, हमारा मानना है कि टेक्नोलॉजी को भी इसी रफ़्तार से कदम से कदम मिलाकर चलना चाहिए। टेक्नो स्पार्क 50 5जी को भारतीय जीवन के अनिश्चित प्रवाह के लिए बनाया गया है जहाँ लंबे दिन, लगातार भाग-दौड़ और वास्तविक दुनिया की चुनौतियाँ सामान्य बात हैं। लंबे सफ़र से लेकर धूल, गिरने और अचानक होने वाली मॉनसून की बारिश तक - यह डिवाइस हर स्थिति में आपका साथ देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह स्टाइल, मज़बूती और रोज़मर्रा की मुश्किलों को झेलने की क्षमता का बेहतरीन मेल है, ताकि आपकी डिजिटल ज़िंदगी भी आपकी तरह ही बिना किसी रुकावट के चलती रहे। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ, श्री अरिजीत तलापात्रा ने कहा भारत जैसे तेज़ी से बदलते बाज़ार में, लोग सिर्फ़ स्पेसिफिकेशन्स की लिस्ट नहीं देख रहे हैं; वे एक ऐसे साथी की तलाश में हैं जो वास्तव में उनके दिन भर के काम में उनका साथ दे सके। टेक्नो स्पार्क 50 5जी के साथ, हम तकनीकी शब्दों से आगे बढ़कर उन चीज़ों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो असल दुनिया में वास्तव में मायने रखती हैं विश्वसनीयता, टिकाऊपन और ऐसा परफ़ॉर्मेंस जो लंबे, चुनौतीपूर्ण दिनों और अनिश्चित परिस्थितियों में भी आपका साथ निभाए। डिज़ाइन केवल शेल्फ पर अच्छा दिखने के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे पकड़ने वाले व्यक्ति की ऊर्जा को दर्शाना चाहिए। प्रकृति के प्रीमियम शेड्स से प्रेरित टेक्नो स्पार्क 50 5जी फ़ैंटेसी पर्पल, मिंट ग्रीन, शैम्पेन गोल्ड और इंक ब्लैक रंगों में उपलब्ध है, जो स्टाइल और रोज़मर्रा के उपयोग के लिए तैयार मज़बूत बनावट के बीच संतुलन बनाता है। इसे मिलिट्री ग्रेड एमआईएल एसटीडी-810एच प्रोटेक्शन और आईपी64 प्रो प्रोटेक्शन के साथ मज़बूत बनाया गया है। डिज़ाइन के अलावा, 6500एमएएच बैटरी आपको लंबे समय तक साथ देती है, जबकि फ्रीलिंक 2.0 टेक्नोलॉजी नो-नेटवर्क ज़ोन में भी आपको कनेक्टेड रखती है। 5जी+ कैरियर एग्रीगेशन के साथ मिलकर यह विभिन्न परिस्थितियों में स्थिर और विश्वसनीय अनुभव सुनिश्चित करता है। सॉफ्टवेयर के मामले में, इस डिवाइस में सेगमेंट का पहला 'ऑल सिनेरियो एक्टिव नॉइज़ कैंसलेशन', एआई व्हाट्सएप असिस्टेंट, एला अलार्म अनाउंसमेंट, एआई राइटिंग असिस्टेंट, एआई इरेज़र 2.0, एआई इमेज एक्सटेंडर और एला-पावर्ड टूल्स जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसके साथ ही, इसमें 120 हर्ट्ज़ का डिस्प्ले भी है, जो ज़्यादा स्मूद और रिस्पॉन्सिव इंटरैक्शन सुनिश्चित करता है।

## सऊदी हुकूमत के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन जन्नतुल बकी के लिए खून से लिखा पत्र

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के शहीद स्मारक पर शिया मुस्लिमों ने सऊदी अरब हुकूमत के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में लोग काले पोस्टरों पर अमेरिका और इजराइल प्रधानमंत्री के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लिखकर पहुंचे। कुछ युवकों ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीर पैरों तले कुचली। प्रदर्शन के बाद प्रदर्शनकारियों ने मातम मनाया। मौलाना यासूब अब्बास ने प्रदर्शनकारियों को लीड किया। इस प्रदर्शन में सऊदी अरब में मौजूद जन्नतुल बकी के पुनर्निर्माण के लिए सऊदी हुकूमत को खून से पत्र लिखा गया है। बता दें कि सऊदी में इमामों के रौजों और मजारों को ध्वस्त कर दिया गया था। अरबी कैलेंडर के हिसाब से हर साल आठ शव्वाल को सऊदी अरब में मौजूद जन्नतुल बकी के फिर से निर्माण के लिए ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की तरफ से प्रदर्शन किया जाता है। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि 100 साल पहले सऊदी अरब के शासक आले सऊद ने जन्नत-उल-बकी में मोहम्मद साहब के खानदान वालों और उनकी बेटी की कब्र को ध्वस्त करवा दिया था। ये बहुत अफसोस की बात है कि सऊदी हुकूमत जिस रसूल का कलमा पढ़ती है। उसकी बेटी की कब्र पर आज तक कोई साया नहीं है। उन्होंने कहा कि ये बड़े शर्म की बात है कि सऊदी शासक अपने आलीशान महलों में रह रहे हैं, लेकिन रसूल की बेटी की कब्र खुले आसमान के नीचे है।

# राजधानी में डंपिंग यार्डों से कूड़ा उठान में देरी एलएसए ने लिखा-इमरजेंसी में ईंधन दिलाएं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में घर-घर कूड़ा कलेक्शन के बाद डंपिंग यार्डों (कूड़ा घरों) में कूड़ा जमा हो रहा है। यहां से कूड़ा उठान में देरी हो रही है। कई पार्षदों को कहना है कि नगर निगम से हफ्ते में 2 दिन डीजल नहीं मिल रहा है। शहर के 5 जोन में सफाई व्यवस्था संभाल रही कार्यदायी संस्था एलएसए (लखनऊ स्वच्छता अभियान) ने नगर आयुक्त को एक लेटर भी लिखा है। इसके जरिये उसने मांग की है कि संस्था को इमरजेंसी सर्विस के तौर पर समय से ईंधन उपलब्ध कराया जाए, ताकि सेवा लगातार चलती रहे। हालांकि, नगर आयुक्त गौरव कुमार ने स्पष्ट किया है कि ईंधन की कमी नहीं है। शहर की हर व्यवस्था निर्बाध चलती रहेगी। बता दें कि डीजल-पेट्रोल खत्म होने की अफवाह के चलते पेट्रोल पंपों पर भीड़ लग रही है। नगर निगम के कई पार्षदों का कहना है कि कई बार अधिकारियों से शिकायत की कि शनिवार और रविवार को गाड़ियों को डीजल नहीं मिल रहा है। इसके बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस वजह से कूड़ा घरों में भारी मात्रा में कूड़ा पड़ा रह रहा है। हालांकि, आरआर विभाग के चीफ इंजीनियर मनोज प्रभात का कहना है कि कोई ऐसी समस्या नहीं है। प्राथमिकता के आधार पर शहर में काम किया जा रहा है। संस्था की तरफ से कूड़ा उठान और साफ-सफाई का काम किया जाता है। गाड़ियों में पेट्रोल डीजल की कमी न हो। इसके लिए हमें इमरजेंसी सर्विस के तौर पर पेट्रोल-डीजल की व्यवस्था समय से कराई जाए ताकि कोई समस्या न आए। नगर निगम के अभियंत्रण, उद्यान, पशु पालन सहित अन्य विभागों को भी नगर निगम की तरफ से डीजल दिया जाता है। विभागों के पास में कुल करीब 450 गाड़ियां हैं। इनके जरिये करीब आठ से नौ हजार लीटर ईंधन एक दिन में खर्च हो जाता है। आरआर विभाग का मुख्यालय खाली होने के बाद नगर निगम की तरफ से जोन-1 और जोन- 8 में स्थित पेट्रोल पंप से तेल लेने की व्यवस्था की गई है। इस बीच पशु पालन, उद्यान विभाग, विज्ञापन विभाग के लोगों का भी कहना है कि तेल मिल रहा है, लेकिन देर से। अचार्य नरेंद्र देव वार्ड के पार्षद मनीष रस्तोगी ने बताया कि शनिवार और रविवार को डीजल देना बंद हो गया है। इससे तीन चार राउंड में साफ होने वाला कूड़ा घर अब कई दिनों तक भरा रहता है। शिकायत के बाद भी अधिकारी नहीं सुन रहे। पार्षद प्रतिनिधि संतोष राय ने कहा कि डीजल मिलने में देरी हो रहा है। इससे पूरे वार्ड में समस्या हो रही है। कूड़ा उठान दो से तीन दिनों तक नहीं हो रहा है। शनिवार और रविवार को डीजल नहीं दे रहे हैं। सड़क का कूड़ा उठाने में दिक्कत हो रही है। जोनल सिनेटरी अधिकारी और जोनल अधिकारी के पास में कोई पावर नहीं है। ऐसे में समस्या बढ़ रही है। बशीरतगंज गणेशगंज वार्ड से पार्षद गिरीश गुप्ता ने कहा कि सुपरवाइजर परेशान हैं। इससे दिक्कत हो रही है। अलीगंज से पार्षद पृथ्वी गुप्ता ने बताया कि रविवार को कूड़ा उठान के लिए अधिकारी सिर्फ एक गाड़ी भेजते हैं। मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि शहरवासियों से अपील है कि शहर में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और खाद्य सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता है। किसी भी प्रकार की कमी नहीं है।

# यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे प्रस्तावित फिल्म सिटी जल्द आकार लेगी, रोजगार का सृजन होगा: बोनी कपूर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



नोएडा/लखनऊ। मशहूर फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने शनिवार को कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे प्रस्तावित 'इंटरनेशनल फिल्म सिटी' परियोजना जल्द ही आकार लेने वाली है और इससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर इलाके में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन समारोह में शामिल होने आए कपूर को हवाई अड्डे के पास 'नोएडा इंटरनेशनल फिल्म सिटी' विकसित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें खुशी हुई। कपूर ने कहा, यहां आकर अच्छा लग रहा है। फिल्म सिटी का काम भी जल्द शुरू हो जाएगा, संभवतः चुनावों से पहले ही। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना की तैयारियां पहले ही शुरू हो चुकी हैं और स्थल पर शूटिंग का काम भी शुरू हो गया है। उन्होंने कहा, ल्लअन्य हिस्सों पर भी काम शुरू हो गया है। मेरा मानना है कि चुनावों से पहले काफी प्रगति हो जाएगी, जिसमें फिल्म सिटी की तैयारियां भी शामिल हैं। उन्होंने हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया कि वह 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों या 2029 के लोकसभा चुनावों का जिक्र कर रहे थे। कपूर ने कहा कि हवाई अड्डे के चालू होने से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी 'ग्रीनफील्ड फिल्म सिटी' परियोजना को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा, जैसे ही हवाई अड्डा चालू होगा, 'इंटरनेशनल फिल्म सिटी' भी तेजी से आकार लेगी। सिर्फ फिल्म सिटी ही नहीं, बल्कि कई अन्य उद्योग भी यहां आएंगे, जिससे पूरे देश को लाभ होगा। परियोजना को देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाला बताते हुए कपूर ने कहा, इस क्षेत्र का विकास, उत्तर प्रदेश का विकास है और उत्तर प्रदेश का विकास, भारत के विकास में योगदान देगा। परियोजना की समयसीमा को लेकर उम्मीद जताते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का पहला चरण साकार हो चुका है, उसी तरह फिल्म सिटी परियोजना भी जल्द पूरी होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या हवाई अड्डा का पूरा होना किसानों की जीत है, कपूर ने कहा, मुझे लगता है कि यह भारत की जीत है।

# श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



■ मेधावी छात्रा को स्व० अखिलेश सिंह सम्मान से किया पुरस्कृत



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी की मौजूदगी में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री रजनी तिवारी ने दीप प्रज्वलन, माँ सरस्वती जी व विद्यालय संस्थापक स्व० अखिलेश सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मंत्री ने वार्षिक परीक्षा में मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के मेधावी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि मंत्री रजनी तिवारी ने स्कूल में टॉप करने वाली छात्रा अर्पिता मिश्रा को स्व० अखिलेश सिंह सम्मान से पुरस्कृत किया साथ ही अन्य छात्र छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो जीवन में सफलता के द्वार खोलती है। उन्होंने छात्रों को निरंतर मेहनत करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया साथ ही अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका की भी सराहना की। मंत्री रजनी तिवारी ने विद्यालय संस्थापक स्वर्गीय अखिलेश सिंह की प्रशंसा में कहा कि उन्होंने मेहनत करते हुए इस विद्यालय को नए मुकाम तक पहुंचाया है आज वह इस दुनिया में नहीं है लेकिन उनके आशीर्वाद स्वरुप ये विद्यालय दिन प्रतिदिन ऐसे ही उन्नति करता रहे और हरदोई ही नहीं उत्तर प्रदेश व देश में विद्यालय का नाम रोशन हो। विद्यालय प्रबंधक मुकेश सिंह ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों का मनोबल बढ़ता है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य भूमिका सिंह, लक्ष्मी देवी, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के लखनऊ मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार शिव प्रकाश त्रिवेदी, मंशा बाजपेयी, कविता गुप्ता, पूजा चौहान, कोमल यादव, प्रज्ञा द्विवेदी, आरती वर्मा, सोनी शुक्ला, अशोक गुप्ता, राम प्रकाश पांडेय आदि शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आयुष्मान केन्द्र पर किया गया स्वास्थ्य मेले का आयोजन



स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ करते यतीश कुमार 'कल्लू' एवं डॉ० आनंद पांडे।

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरपालपुर ( हरदोई )।** विकास खंड की ग्राम पंचायत खद्दीपुर चैन सिंह में शनिवार को आयुष्मान केंद्र पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ प्रधान प्रतिनिधि यतीश कुमार 'कल्लू' और चिकित्सा अधीक्षक डॉ० आनंद पांडे ने फीता काटकर किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 220 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां वितरित कीं। मेले में मुख्य रूप से बुखार, खांसी, जुकाम, बदन दर्द और घुटनों के दर्द का इलाज किया गया। साथ ही पात्र परिवारों को आयुष्मान कार्ड दिए गए और बच्चों का अन्नप्राशन व गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी पूरी की गई। ग्रामीणों ने ग्रामीणों आयुष्मान केंद्र के सीएचओ शिवम मिश्रा के कार्य की सराहना की हैं। कार्यक्रम में एचसीएल फाउंडेशन और स्कूल संस्था का भी विशेष सहयोग रहा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ० आनंद पांडे ने ग्रामीणों को बीमारियों के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी, वहीं प्रधान प्रतिनिधि यतीश कुमार ने खद्दीपुर चैन सिंह गांव को एक स्वस्थ और आदर्श गाँव बनाने का संकल्प लिया हैं।

इस अवसर पर बीपीएम मनोज तिवारी, मनोज बाजपेई, मुन्ना सिंह सहित आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिलाओं व बच्चों को सुरक्षा के साथ-साथ डिजिटल साक्षरता का पढ़ाया पाठ

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरपालपुर ( हरदोई )।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत शनिवार को हरपालपुर थाना क्षेत्र के ककरा गांव में आयोजित ग्राम चौपाल में पुलिस ने साइबर अपराधों के बढ़ते जाल से बचने के लिए ग्रामीणों को विशेष रूप से सचेत किया। महिला उपनिरीक्षक अंजना सचान और महिला आरक्षी आशा सिंह ने महिलाओं व बच्चों को सुरक्षा के साथ-साथ डिजिटल साक्षरता का पाठ पढ़ाया। चौपाल में टीम प्रभारी अंजना सचान ने बताया कि आजकल ठग घर बैठे आपके बैंक खाते और सोशल मीडिया तक पहुँच बना रहे हैं। उन्होंने जागरूक करते हुए कहा कि फोन पर आने वाले लुभावने विज्ञापनों, अनजान लिंक और लॉटरी के झांसे में न आएं। किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना ओटीपी बताना अपनी तिजोरी की चाबी सौंपने जैसा है। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की 'फ्रेंड रिक्वेस्ट' स्वीकार करने से पहले सावधानी बरतें, क्योंकि फेक अकाउंट के जरिए ब्लैकमेलिंग और डेटा चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। सुरक्षा टीम ने बताया कि यदि किसी के साथ ऑनलाइन ठगी हो जाए, तो बिना डरे तुरंत साइबर हेल्प लाइन 1930 पर कॉल करें। साथ ही महिलाओं व छात्राओं को अराजक तत्वों से निपटने के लिए महिला पावर लाइन 1090 और 112 के उपयोग के बारे में विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान जागरूक पत्रक भी वितरित किए गए।

## पिकअप डाला से कुचलकर 70 वर्षी बुजुर्ग समेत तीन लोगों की हत्या

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**सुरसा ( हरदोई )।** थाना क्षेत्र के डोलिया गांव में हुई घटना से, पूरे जिले में दहशत का माहौल बना हुआ है।

जनपद के सुरसा थाना क्षेत्र के ढोलिया गांव के निवासी शिवम कश्यप (20) पिकअप डालासे हरदोई बिलग्राम मार्ग पर ढोलिया गांव के करीब गांव निवासी 70 वर्षीय देव सहाय पांडे को कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई, मौत की खबर मिलते ही परिजनों में रोष व्याप्त हो गया। गुस्साए परिजनों ने आरोपी शिवम के घर पर धावा बोल दिया। खून का बदला खून! परिजनों ने दो युवकों को पीट-पीटकर मार डाला। आरोपी शिवम और उसके साथी अमन (17) को लाठी-डंडों से घेरकर बेरहमी से पीट पीट कर को लोहान कर दिया जिसमें। शिवम की मौके पर ही मौत हो गई। अमन को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया । इस ट्रिपल मर्डर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई तथा परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पीआरबी टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मामला जैसे ही जिला मुख्यालय पहुंचा, पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। एसपी अशोक कुमार मीणा सहित एएसपी मार्तंड प्रकाश सिंहएसीओ सिटी अंकित मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा मौके का जायजा लिया। पुलिस हर एंगल से घटना के बारे में जांच कर रही है। तथा इस घटना के संबंध में पुरानी रंजिस से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

एसपी अशोक कुमार मीणा ने साफकहा है कि इस जघन्य कांड में शामिल सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होगी और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। कई थानों की पुलिस टीमों को कार्रवाई में लगा दिया गया है।

**आवश्यकता है प्राचार्य व प्रवक्ताओं की**

**श्री रामबक्ष सिंह डिग्री कॉलेज, नरायनपुर, नई बस्ती, पोस्ट-पचदेवरा, हरदोई में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्ग यू0जी0सी0, उत्तर प्रदेश शासन एवं लखनऊ वि0वि0 के मानकानुसार योग्यता व वेतनमान में निम्नलिखित पदों हेतु आवेदन आमंत्रित है-**

**प्राचार्य-01 पद**

**बी0एससी0-** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान में प्रत्येक 02 पद


**बी0ए0-** हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, चित्रकला व गृह विज्ञान में प्रत्येक 01 पद

**इच्छुक अभ्यर्थी समस्त मानकानुसार अभिलेखों सहित आवेदन पत्र विज्ञापन तिथि से 15 दिवस के अन्दर भेजे/जमा करें। सम्पर्क सूत्र-9621469770,**

**Email-rambakshdcha96@gmail.com**

## लघु सेतु के निर्माण हेतु 3 करोड़ 30 लाख रुपए की वित्तीय हुई स्वीकृत

**हरपालपुर ( हरदोई ) ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** ब्लॉक हरपालपुर के गांव खद्दीपुर राजा साहब के मजरा गढिया अन्तूपुरवा में लोक निर्माण विभाग द्वारा लघु सेतु के निर्माण हेतु 3 करोड़ 30 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शासन द्वारा धनराशि जारी होने के बाद अब जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस पुल का निर्माण आधुनिक मानकों के अनुरूप कराया जाएगा ताकि भविष्य में भारी वाहनों के आवागमन और जलस्तर बढ़ने की स्थिति में भी संरचना सुरक्षित रहे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुल न होने से विशेषकर बरसात के दिनों में स्कूली बच्चों और गंभीर मरीजों को अस्पताल ले जाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता था, जो अब इस सौगात के साथ समाप्त हो जाएगी। इस पुल के बन जाने से न केवल क्षेत्रीय आवागमन सुगम होगा, बल्कि बाढ़ के समय आधा दर्जन गांवों का संपर्क मार्ग बंद होने की गंभीर समस्या से भी निजात मिलेगी। पुल की स्वीकृति मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता वरिष्ठ पत्रहार महेश मिश्रा, पूर्व प्रधान सतीश अवस्थी व अन्य क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार एवं क्षेत्रीय विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू' के प्रति आभार जताया है।



विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह 'रानू'

## सड़क हादसे में चली गई एक ही परिवार के तीन सदस्यों की जान

**हरपालपुर ( हरदोई ) ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** उन्नाव-कटरा राजमार्ग पर गुरुवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे में जान गंवाने वाले एक ही परिवार के तीनों सदस्यों के शव शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद उनके पैतृक गांव ईसेपुर पहुंचे। एक साथ घर उठी तीन अर्थियों को देख पूरे गांव में कोहराम मच गया और हर ग्रामीण की आंख नम हो गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम ईसेपुर निवासी मोनू (30) अपनी पत्नी नीलम (28) की दवा लेने के लिए उन्हें और अपनी 10 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी को बाइक से सांडी ले जा रहे थे। ककरा गांव के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दीए जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मोनू जयपुर में प्राइवेट नौकरी करता था और होली की छुट्टियों में घर आया था। इस हादसे ने उसके दो मासूम बच्चों के सिर से माता.पिता और बहन का साया हमेशा के लिए छीन लिया है। शाम को बेहद गमगीन माहौल में चियासर गंगा घाट पर तीनों मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया। यहाँ मृतक मोनू और उनकी पत्नी नीलम का शव एक ही चिता पर रखा गयाए जिन्हें मोनू के बड़े भाई अनिल राजपूत ने मुखाग्नि दी। वहींए 10 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी के शव को घाट पर ही दफ्न किया गया।घटना के बाद से मासूम बच्चों का रो.रोकर बुरा हाल थाए जिन्हें संभालना मुश्किल हो रहा था। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले ट्रक को कब्जे में ले लिया है। मामले की जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल परिजनों की तरफसे कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।



चियासर गंगा घाट पर अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद ग्रामीण व परिजन।

## तीन बच्चों के साथ चाची को लेकर चंपत हुआ भतीजा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई ) ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से रिश्ते की सगी चाची को उसका ही भतीजा तीन बच्चों के साथ लेकर चंपत हो गया। पीड़ित चाचा ने आरोपी के खिलाफकोतवाली में मामला दर्ज कराया है । पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव के रहने वाले पति के अनुसार उसका भतीजा शिवम वाल्मीकि दिल्ली में सफाई का काम करता था। 21 मार्च को शाम ०5:00 बजे उसकी पत्नी तथा तीन बच्चों को अपने साथ लेकर चला गया। पीड़ित पति ने अपनी पत्नी को भगवाने में पूजा, रीना, सुमित, रूबी आदि की साजिश बताई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

## बाइक टक्कर में एक युवक की मौत दो गंभीर रूप से घायल

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पिहानी में कारवां रोड पर ग्राम इटारा के पास करीब ०8:45 बजे के समय दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान 28 वर्षीय आकाश पुत्र रामनरेश, निवासी गदनहिया के रूप में हुई है। हादसे में देशप्रति पुत्र राम स्वरूप और मोहित पुत्र रामकरण गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को एम्बुलेंस और थाना पिहानी पुलिस की मदद से सीएचसी पिहानी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल हरदोई रेफर कर दिया। घटनास्थल पर हल्का इंचार्ज राजेश सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## उच्च शिक्षा मंत्री ने अभिलेखागार का लोकार्पण किया

राष्ट्रीय प्रस्तावना



अभिलेखागार का लोकार्पण करती उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी

**शाहाबाद ( हरदोई )।** उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित होली मिलन समारोह एवं अभिलेखागार लोकार्पण कार्यक्रम के मंच से क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए दावा किया कि इससे पहले की सरकारों ने क्षेत्र को पूरी तरह से विकास से दूर रखा। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंची। यहां पर उन्होंने सबसे पहले अभिलेखों के रखरखाव हेतु बनाए गए वृहद अभिलेखागार का लोकार्पण किया। यह अभिलेखागार क्षेत्र पंचायत निधि से प्रमुख उत्तर त्रिपुरेश मिश्र द्वारा बनवाया गया है। तत्पश्चात उन्होंने होली मिलन समारोह में भाग लिया और क्षेत्रीय जनता तथा पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद किया। इस मौके पर उन्होंने शुक्रवार को रामनवमी के दिन एक सपा नेता द्वारा भगवान श्री राम के ऊपर की गई अभद्र टिप्पणी पर नाराजगी व्यक्ति की और कहा कि भगवान ऐसे व्यक्ति को स्वयं मिट्टी में मिला देंगे लेकिन आप लोगों को ऐसे लोगों से दूर रहने की जरूरत। उच्च शिक्षा मंत्री ने क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का भी लेखा.जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कोरोना काल में क्षेत्रवासियों को ऑक्सीजन प्लांट की बेहद जरूरत थी मैंने आवश्यकता महसूस की और ऑक्सीजन प्लांट और हेल्थ एटीएम की स्थापना करवाई। 20 बेड की अतिरिक्त सुविधा भी अस्पताल में उपलब्ध करवाई। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र में तमाम सड़कें बनवाई। क्षेत्र पंचायत प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र ने मंच से बताया कि यह उनका आखिरी ब्लॉक मुख्यालय का भाषण है। उन्होंने उच्च शिक्षा मंत्री के सेवा भाव से सीखा है और उनके बताए हुए रास्तों पर चलकर ही उन्होंने सेवा भाव का रास्ता अख्तियार किया और राजनीति की। उन्होंने कहा उनकी कोशिश रही कि उनसे कोई गलती न हो फिर भी अगर उनसे कोई गलती हुई है तो गलती उसी से होती है जो कार्य करता है। कार्य करने के दौरान अगर कोई गलती हुई है उसके लिए वह पूरी तरह से क्षमा प्रार्थी हैं। ब्लॉक प्रमुख ने बताया सभी जातिए धर्म और वर्ग के लोगों को उन्होंने एक समान समझा और सम्मान दिया। उन्होंने वादा किया कि 2027 में मंत्री का सम्मान बरकरार रहेगा और लगभग 20 हजार से अधिक मतों से उन्हें सदन में पहुंचने का काम यहां की जनता करेगी। क्षेत्र पंचायत प्रमुख ने कहा उनके दामन पर कोई दाग नहीं लगा सकता। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों का पूरी तरह से सम्मान किया है और सम्मान पाया है। भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहां मंत्री जी ने अपने शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में जिस तरह से सेवा की है और जनता पर प्यार लुटाया है। जनता भी उनको सम्मान देती है और आने वाले 2027 के चुनाव में अपना प्यार फिर लुटायेगी। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत प्रमुख पिहानी कुशी बाजपेई, डीसीडीएफ अध्यक्ष रामदास गुप्ता, पूर्व प्रमुख रामनाथ त्रिपाठी, जिला कार्य समिति सदस्य गंगाराम राठौर, गोपाल त्रिपाठी, भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री ने एचपीवी टीकाकरण का शुभारम्भ किया



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** सीएचसी में शनिवार को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एच0पी0वी0 (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) वैक्सीनेशन अभियान का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री रजनी तिवारी द्वारा किया गया। शुभारम्भ के अवसर पर राज्यमंत्री ने अभिवावकों से अपील की कि वह अपनी 14 से 15 वर्ष की बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए निश्चित रूप से एचपीवी का टीका आवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की तर्ज पर बेटी स्वस्थ, समाज सशक्त सरकार का लक्ष्य है। सीएचसी के प्रभारी डॉ0 प्रवीण दीक्षित ने बताया कि यह टीका पूर्णतय: नि:शुल्क है तथा प्रत्येक कार्य दिवस में प्रात: 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक सी0एच0सी0 पर लगवाया जा सकता है। टीकाकरण के समय आयु सत्यापन के लिए कोई न कोई प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड, स्कूल का आई0डी0 कार्ड, फोटोयुक्त मार्कशीट इत्यादि अवश्य लेकर आये तथा टीकाकरण के समय खाली पेट न आकर हल्का नाश्ता या भोजन अवश्य करके आयें। वैक्सीनेशन के समय अभिवावक की सहमती आवश्यक होगी। वैक्सीनेशन के उपरान्त लाभार्थियों को डिजिटली प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

## कथा श्रवण कर भक्तों ने उठाया पुण्य लाभ, भक्ति रस में डूबा रहा वातावरण

राष्ट्रीय प्रस्तावना





**कछौना ( हरदोई )।** विकासखंड के कामीपुर ग्राम सभा के मजरा धंधार में आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा में शनिवार की शाम भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी जहां कथा सुनकर भक्तों ने पुण्य लाभ लिया! कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन अर्चन के साथ हुआ! इसके बाद नैमिषधाम से पधारे कथावाचक पं शिखर तिवारी ने अपने मधुर वचनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया!

कथा के दौरान भगवान की लीलाओं धर्म कर्म और मानव जीवन के मूल्यों को समझाया गया! कथावाचक ने बताया कि सच्चे मन से की गई भक्ति और सत्संग से मानव के जीवन मैं सकारात्मक परिवर्तन आता है और आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है! उनके प्रवचनों को सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए! बीच.बीच में कथा पंडाल जय श्री राम के नारो से गूंजता रहा! कार्यक्रम स्थल को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया जिससे आध्यात्मिक माहौल और भी अधिक प्रभावी नजर आए! कथा में महिला पुरुष बुजुर्ग युवा सहित सभी वर्गों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित नजर आए! कथा के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया जिसे सभी भक्तों ने बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ ग्रहण किया! कथा के आयोजक उमेश शुक्ला ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में नैतिक मूल्यों का प्रसार होता है और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है उन्होंने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे! फिलहाल इस बार चल रही कथा रविवार को संपन्न होगी और पूर्णाहुति एवं भंडारा सोमवार को होगा!

## जखदेवी मन्दिर में भण्डारे का आयोजन किया गया



**माधौगंज ( हरदोई ) ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** विकास खण्ड की ग्राम पंचायत रुदामऊ स्थित माँ जखदेवी मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर शनिवार को कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भंडारे में कस्बा माधौगंज सहित रुदामऊ, छेदापुरवा, श्यामपुरवा और आसपास के गांवों से पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार तिवारी, अनिल तिवारी, श्याम बिहारी शुक्ला, रमेश श्रीवास्तव, राजकुमार सहित अन्य गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पिहानी ( हरदोई ) ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** राजकीय महाविद्यालय पिहानी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत मिशन शक्ति अभियान के साथ संयुक्त रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्यों के साथ छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज में महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में जागरूकता संबंधी पोस्टर एवं पंपलेट लेकर रैली निकाली और लोगों को महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही, जिन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।



मिशन शक्ति प्रभारी दीक्षा यादव ने कहा कि श्मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान हमारी प्राथमिकता है। वहीं कोतवाली पिहानी के प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है। किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं तुरंत हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें, पुलिस हर समय उनकी सहायता के लिए तत्पर है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में सुरक्षा की भावना को मजबूत करते हैं।

## महिलाओं पर फब्तियां कसने वाला गिरफ्तार

**शाहाबाद ( हरदोई ) ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली पुलिस को सूचना मिली बीएन डिग्री कॉलेज के पास एक युवक आती जाती महिलाओं पर फब्तियां कस रहा है और अश्लील इशारे कर रहा है। सूचना पाकर सरदार गंज चौकी इंचार्ज प्रदीप पांडे ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जिसने अपना नाम संतराम पुत्र सोमपाल निवासी मोहल्ला मोहल्ला गंज बताया। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफकार्यवाही की गई।

## वाह सुक्खू बोलिए, वाह!

इसी 21 मार्च को जब हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य का वार्षिक बजट पेश किया तो एक क्रांतिकारी काम किया। अफसोस यह है कि उसकी चर्चा उसे हिसाब से नहीं हुई। शायद ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध कारण होगा लेकिन मीडिया, खासकर प्रिन्ट मीडिया को देखें तो दूसरे विषय भी पर्याप्त जगह पा रहे हैं- जी हां क्रिकेट का आईपीएल टूर्नामेंट तो शुरू होने के पहले से भर-भर पन्ने जगह पाने लगा है। हिमाचल भी इधर क्रिकेट में आयोजन के चलते चर्चा में रहा था, अपने आयोजक अधिकारियों के लिए विमान से मर्सीडीज टैक्सियां लाने ले जाने के लिए क्योंकि धर्मशाला जैसी छोटी जगह में ऐसी टैक्सियां कोई लेता ही नहीं। संयोग से क्रिकेट प्रशासन आजकल भाजपाई नेताओं के हाथ में है और सुक्खू साहब कांग्रेसी हैं। उन्होंने राज्य की वित्तीय परेशानियों के मद्देनजर अपना वेतन समेत सारे मंत्रियों, विधायकों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के वेतन में कटौती की और इसे छह महीने तक टालने का फैसला किया। विधायकों और छोटे अधिकारियों का वेतन बीस फीसदी कम हुआ तो मंत्रियों और बड़े अधिकारियों के वेतन में तीस फीसदी कटौती हुई और खुद मुख्यमंत्री ने अपना वेतन पचास फीसदी कम कर दिया। छोटे कर्मचारियों और पेंशन वालों के लिए कोई कटौती नहीं हुई। अब हिमाचल में आर्थिक आपातकाल है या नहीं यह बहस का विषय हो सकता है लेकिन इस कदम पर कोई बहस नहीं हो सकता और आम तौर पर इसकी तारीफ ही हुई है-शिकायत है तो यही कि ज्यादा शोर क्यों नहीं मचा। चर्चा तो हिमाचल विधान सभा में हुई लेकिन विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर की आलोचना बजट का आकार घटाने पर केंद्रित थी तो उनकी चिंता राज्य की अर्थव्यवस्था के पीछे जाने की थी। मुख्यमंत्री केंद्र से मिलने वाले लगभग आठ हजार करोड़ का अनुदान रोके जाने की शिकायत के साथ बजट के आकार में कमी को भी उसी से जोड़ते रहे। दिलचस्प है कि हिमाचल की कटौती की चर्चा कर्नाटक विधान सभा में हुई और भाजपा विधायक वी सुनील कुमार ने कर्नाटक के बजट की 14 फीसदी रकम सब्सिडी पर और एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रकम चुनावी रेवड़ियों पर खर्च का हवाला देते हुए हिमाचल जैसी स्थिति आने की चेतावनी दी। हिमाचल में कांग्रेस ने कई बड़े वायदे किए थे जिनमें पुरानी पेंशन स्कीम को वापस लाना भी शामिल था और सुक्खू साहब बार-बार आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए इनमें से कई योजनाओं पर अमल टालते रहे थे। भाजपा इसे देश भर में मुद्दा बनाती रही थी। हिमाचल ही नहीं कि अन्य राज्यों के ऐसे अनुभव का कोई प्रभाव चुनावी वायदों पर पड़ता नहीं दिखा है। अभी घोषित चुनावों में भी हर दल बढ़-चढ़ कर वायदे किए जा रहा है। मुख्यमंत्री सुक्खू की पहल इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण है। यह एक नई शुरुआत है और इसमें संभावना है कि चुनावी वायदों पर स्वैच्छिक अंकुश के साथ गरीब और अमीर राज्यों की सरकारों के आचरण में फर्क की शुरुआत हो। और इस लेखक जैसे काफी लोग हैं जिन्हें लगता है कि यह प्रयोग तो भारत सरकार के स्तर पर भी दोहराया जाना चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री दावा जो करें हम अभी भी एक गरीब देश हैं और सुरक्षा या शान जिस भी नाम से हो हमें विकसित देशों जैसे खर्च से बचना चाहिए। हजारों करोड़ रुपए का विशेष विमान अमेरिकी राष्ट्रपति रख सकते हैं हमारे लिए वह बोझ है और अगर कोई देश या प्रांत गरीब है तो गरीबी का अनुभव और किफायतों का बोझ सिर्फ आम लोग क्यों उठाए? पहले तो यह काम कथित नेता या अगुआ लोगों को करना चाहिए। उनको विदेशों से या बहुराष्ट्रीय निगमों के अधिकारियों से तुलना नहीं करनी चाहिए। एक न्यूनतम जरूरत का खयाल रखते हुए उन्हें अपने वेतन और सुविधाओं में कटौती करनी चाहिए। चुनाव के समय बड़ी-बड़ी बातें कहने के बाद जनता के पैसे से शीश महल बनवाने और उड़न खटोले में घूमने से बचना चाहिए। और कहना न होगा कि इस मामले में हिमाचल के फैसलों के अनुसरण में बिहार, ओडिशा, झारखंड और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों को आगे आना चाहिए और कांग्रेस तथा भाजपा जैसी पार्टियों को दबाव बनाकर अपनी सरकारों के शाहखर्ची पर रोक लगानी चाहिए। चुनावी वायदों का पिटारा खोलते वक्त पार्टियां और नेता उनसे जुड़ी परेशानियां तो भूलते ही हैं अपने राज्य या मुल्क की आर्थिक स्थिति को लेकर रोना रोने में भी वे होड़ लगाते हैं, पर कोई भी खर्चों में कमी या किफायत वाले कदम नहीं उठाता। छोटे-छोटे राज्यों के पास सरकारी विमानों का बेड़ा सा है जिसे नेता और अधिकारी जहां तहां लिए घूमते रहते हैं। कोई कायदा कानून इन पर लागू नहीं होता। कभी पार्टियां दूसरे की सरकारों की वित्तीय परेशानियों की चर्चा तो कर लेती हैं लेकिन जब अपनी सरकारों की बारी आती है तो एकदम दूसरा रुख अपना लेती है। हिमाचल के आसपास ही महाराष्ट्र सरकार बनी तो उसको भी चुनावी वायदों को लेकर दिक्कत हुई। कई योजनाएं टलीं और लाड़ली बहन योजना समेत कई की लाभार्थियों की सूची में कतर-ब्योंत हुई। लेकिन जैसे ही स्थानीय निकाय के चुनाव आए उसी महाराष्ट्र सरकार ने दो-दो महीने का एडवांस पैसा लाभार्थियों के खाते में भेजने का फैसला किया। जब अदालत ने इस पर रोक लगाई तब जाकर फैसला टला। इसका राजनैतिक संदेश तो पहुंच ही गया। सबसे गरीब बिहार में चुनाव घोषणा के साथ ही हर महिला के खाते में दस-दस हजार रुपये डाल दिए गए, भले ही बच्चों की छात्रवृत्ति और लड़कियों की स्कूली वर्दी का कार्यक्रम टल गया। अब इस आलेख से चाहे जो उम्मीद बांधी जाए लेकिन हिमाचल का उदाहरण दोहराए जाने की खबरें आने की संभावना कम ही है। उलटे जो प्रवृत्ति दिन ब दिन बढ़ती गई है उसके आगे बढ़ने का अंदेशा है। ममता दीदी को भी चुनावी अवसर पर फैसले करने की याद आ गई जो लंबे शासन में भुलाए रही थीं जबकि आज की तारीख में सबसे किफायती जीवन जीने वाली मुख्यमंत्री वही होंगी। और उनको भी अनुभव होगा कि कोई भी दूसरा नेता आज उनका अनुसरण नहीं कर रहा है, उस माकपा का भी जिसमें नंबूदरीपाद ही नहीं नयानार और अच्युतानन्दन जैसे मुख्यमंत्री हुए हैं। कांग्रेस में भी एंथनी और मनमोहन सिंह का उदाहरण कोई नहीं दोहराता। लेकिन व्यक्तिगत किफायत का अपना जो महत्व हो सरकारी किफायत मुल्क और प्रदेश के लिए ज्यादा महत्व की चीज है और इसके लिए हिमाचल के इस नए कदम का अनुसरण किया जाना चाहिए।

# भाजपा, संकल्प और राष्ट्रवाद

मृत्युंजय दीक्षित

वर्ष 2014 में केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद से लेकर अब तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में भाजपा अपने सभी संकल्पों को गंभीरता के साथ पूर्णता की ओर ले जाने के लिए अग्रसर है। भाजपा ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक किए गए कई संकल्प पूर्ण किए हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि स्थल पर दिव्य व भव्य राम मंदिर का निर्माण कराना। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया जाना। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय से चल रहा महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक भी कानून बन चुका है। भाजपा के सभी संकल्पों में राष्ट्रवाद की झलक है। सामान नागरिक संहिता भी भारतीय जनता पार्टी का एक संकल्प है, जो चरणबद्ध रूप से सिद्धि की दिशा में बढ़ रहा है। पहले समान नागरिक संहिता कानून भाजपा शासित राज्य उत्तराखंड में सफलतापूर्वक लागू हुआ अब उसकी सफलता का गहन अध्ययन करने के बाद गुजरात भी ऐसा दूसरा राज्य बन गया है जहां सामान नागरिक संहिता लागू की गई है। विगत विधानसभा चुनाव से पूर्व गुजरात भाजपा के संकल्प पत्र में सामान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया गया था और इसके लिए एक समिति भी बना दी गई थी। प्रधानमंत्री मोदी लाल किले के संबोधन से भारतीय जनमानस के लिए समान नागरिक संहिता की बात कर चुके हैं। हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने भी एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अगर मुस्लिम महिलाओं को भी समान अधिकार प्राप्त करने हैं तो अब समय आ गया है कि देश की संसद समान नागरिक संहिता पर विचार करे और कानून बनाए। गुजरात विधानसभा में सात घंटे की लंबी चर्चा के बाद यह विधेयक पारित हुआ। इस पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सदस्यों ने इस विधेयक को मुस्लिम विरोधी करार देते हुए कहा कि भाजपा यह विधेयक जानबूझ कर चुनाव से पहले जल्दबाजी में लेकर आई है । इस विधेयक के पारित हो जाने के बाद गुजरात में विभिन्न जातियों, धर्मों और सम्प्रदायों के लिए लोगों के लिए विवाह, तलाक, पिता की संपत्ति में महिलाओं की हिस्सेदारी और लिव -इन रिलेशनशिप को लेकर समान नागरिक संहिता कानून लागू हो जाएगा।विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक प्रस्तुत करते समय मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न वर्गों और धर्मों के बीच कानूनी भेदभाव को समाप्त करना है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजातियों के पुरुषों और महिलाओं पर यह कानून लागू नहीं होगा लेकिन मुस्लिम समुदाय के लिए पर्सनल लॉ को समाप्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की समान नागरिक संहिता कानून की आवश्यकता पर दिए गए बयान का उल्लेख करते हुए सदन में कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी विभिन्न धर्मों और समाजों के लोगों के नागरिक अधिकारों के साथ भेदभाव हो रहा है। इस कानून का उद्देश्य

**सामान नागरिक संहिता भी भारतीय जनता पार्टी का एक संकल्प है, जो चरणबद्ध रूप से सिद्धि की दिशा में बढ़ रहा है। पहले समान नागरिक संहिता कानून भाजपा शासित राज्य उत्तराखंड में सफलतापूर्वक लागू हुआ अब उसकी सफलता का गहन अध्ययन करने के बाद गुजरात भी ऐसा दूसरा राज्य बन गया है जहां सामान नागरिक संहिता लागू की गई है। विगत विधानसभा चुनाव से पूर्व गुजरात भाजपा के संकल्प पत्र में सामान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया गया था और इसके लिए एक समिति भी बना दी गई थी। प्रधानमंत्री मोदी लाल किले के संबोधन से भारतीय जनमानस के लिए समान नागरिक संहिता की बात कर चुके हैं। हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने भी एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अगर मुस्लिम महिलाओं को भी समान अधिकार प्राप्त करने हैं तो अब समय आ गया है कि देश की संसद समान नागरिक संहिता पर विचार करे और कानून बनाए। गुजरात विधानसभा में सात घंटे की लंबी चर्चा के बाद यह विधेयक पारित हुआ। इस पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सदस्यों ने इस विधेयक को मुस्लिम विरोधी करार देते हुए कहा कि भाजपा यह विधेयक जानबूझ कर चुनाव से पहले जल्दबाजी में लेकर आई है । इस विधेयक के पारित हो जाने के बाद गुजरात में विभिन्न जातियों, धर्मों और सम्प्रदायों के लिए लोगों के लिए विवाह, तलाक, पिता की संपत्ति में महिलाओं की हिस्सेदारी और लिव –इन रिलेशनशिप को लेकर समान नागरिक संहिता कानून लागू हो जाएगा।**

विवाह, तलाक, पिता की संपत्ति, भरण पोषण और लिव इन रिलेशनशिप के कानूनों में एकरूपता लाना है। इस विधेयक में विवाह, तलाक और लिव इन रिलेशनशिप का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। इस विधेयक में पहचान छिपाकर धोखे से विवाह करने पर सात वर्ष की सजा का प्रावधान किया गया है ताकि किसी बेटी को धोखा देकर उसका जीवन खराब न किया जा सके। समान नागरिक संहिता कानून के पक्ष में कहा जा रहा हे कि इससे महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को मजबूती प्राप्त होगी। यह मुस्लिम महिलाओं को कानूनी सुरक्षा देगा। कानून लागू हो जाने के बाद इसके लागू होने के दिन से लिव -इन में रहने वाली महिलाओं को भी पहचान मिल सकेगी। सरकार यह स्पष्ट रूप से कह रही है कि यह किसी धर्म के खिलाफ नहीं अपितु नागरिक अधिकारों को समान बनाने के लिए है। एक प्रश्न यह उठाया जा रहा है कि जब यह समान नागरिक संहिता कानून है तो फिर इसमें आदिवासी समाज को क्यों अलग किया गया है? समान नागरिक संहिता का कांग्रेस विरोध कर रही है। रही बात कांग्रेस और विपक्ष के विरोध की तो वह तो पूरी तरह से मुस्लिम लीगी माओवादी हो चुका है। विपक्ष का कोई भी वक्तव्य सिर्फ वोट बैंक और तुष्टिकरण के लिए ही होता है ।

# मिडिल ईस्ट युद्ध ने ट्रम्प की मुश्किलों को बढ़ाया

राजेश पांडेय

मिडिल ईस्ट युद्ध की लपटें अब दुनिया को झुलसाने लगी हैं। तेल, गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। युद्ध लंबे समय तक चला तो ग्लोबल अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होगा। हालांकि, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पांच दिन के युद्धविराम की पेशकश ने उम्मीदें जगाई हैं। जाहिर है, ट्रम्प अनिश्चय की स्थिति में हैं। युद्ध की दिशा उनके अनुमान के मुताबिक नहीं रही है। यही स्थिति इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की है। ट्रम्प-नेतन्याहू ने सोचा था कि उनके सामने इजरायल जल्द पस्त हो जाएगा। लेकिन 26 मार्च तक तो ऐसा नहीं हुआ था। अमेरिका के शांति प्रस्तावों पर ईरान ने कड़ा रुख अपनाया है। भारी तबाही के बावजूद वह अपने कुछ मुद्दों पर पीछे हटने के लिए तैयार नहीं है। मौजूदा युद्ध के उद्देश्यों पर हमेशा सवाल उठेंगे। हानि-लाभ का हिसाब लगाया जाएगा। पूछा जाएगा कि चीन, रूस और भारत जैसे देशों की भूमिका क्या रही? नेतन्याहू के बहकावे पर युद्ध में कूदे ट्रम्प के सामने तो कोई स्पष्ट लक्ष्य तक नहीं है। वैसे, अमेरिका की हथियार लॉबी का धंधा जोर पकड़ चुका है। अमेरिका को अब तक इजरायल और खाड़ी देशों से करोड़ों रुपए के हथियारों की सप्लाई के ऑर्डर मिले हैं। लेकिन कुछ वास्तविकताएं ट्रम्प की मुश्किलों को सामने रखती हैं। ट्रम्प बिजनेसमैन हैं। वे राजनीति को नफा-नुकसान के नजरिये से देखते हैं। लिहाजा, तेल, गैस की सप्लाई में रुकावट से बिजनेस पर पड़ने वाला असर उनके लिए चिंता पैदा कर रहा है। युद्ध से ट्रम्प और अमेरिका की राजनीतिक स्थिति प्रभावित होगी। वे जब से दोबारा राष्ट्रपति बने हैं, कई जगह अमेरिकी ताकत का दुरुपयोग कर चुके हैं। उन्होंने वेनेजुएला के तानाशाह राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का रातों-रात अपहरण कर लिया था। ट्रम्प नोबल शांति पुरस्कार पाने की लालसा रखते हैं लेकिन उन्होंने ईरान के बहुत बड़े हिस्से को उजाड़ डाला है। वहां वियतनाम और गाजा पट्टी जैसी सघन बमबारी हुई है। स्कूलों, अस्पतालों, सड़कों, पुलों और रिहायशी इलाकों को तहस-नहस करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी गई है। ईरान के डटे रहने से ट्रम्प के राजनीतिक प्रभाव में सेंध लग रही है। उनकी दुनिया को दबाने की ताकत क्षीण होगी। चीन, रूस जैसे देशों के सामने असहाय महसूस करने वाले देश सोच सकते हैं कि जब ट्रम्प ईरान जैसे देश को नहीं झुका पाए तो वे इन देशों का क्या कर लेंगे? ट्रम्प यदि जीतते नहीं हैं तो अमेरिकी में उनकी राजनीतिक स्थिति कमजोर होगी। अमेरिका तेल, गैस का निर्यातक है। फिर भी, वहां गैस के मूल्य बढ़ रहे हैं। अक्सर जनमत के निर्धारण में महंगाई की अहम भूमिका होती है। इसलिए अनुमान लगाए जा रहे हैं कि नवंबर में होने वाले अमेरिकी संसद के मध्यावधि चुनाव में राष्ट्रपति की रिपब्लिकन पार्टी को नुकसान हो सकता है। लगता है, स्थिति संभालने के लिए ट्रम्प ने पहले 48 घंटे और फिर पांच दिन के युद्धविराम का पांसा फेंका है। वे किसी समझौते की स्थिति में विजेता बनकर उभरने की कोशिश करेंगे। ट्रम्प भ्रम के अंधेरे में भटक रहे हैं तो नेतन्याहू का एजेंडा एकदम साफ है। उनका राजनीतिक कॅरियर दुस्साहस, जोखिम और निर्ममता का पर्याय है। 2023 के बाद गाजा में हजारों बेकसूर फिलिस्तीनियों की हत्या ने उनका हौसला बढ़ाया है। ईरान पर हमले के लिए उन्हें देश की जनता के बड़े हिस्से का समर्थन भी है। इजरायलियों के बीच धारणा है कि उनके देश के अस्तित्व को ईरान से सबसे ज्यादा खतरा है। नेतन्याहू गाजा में जनसंहार के बाद भी अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। राष्ट्रपति उन पर भ्रष्टाचार के आरोप में मुकदमा चलाने की अनुमति दे चुके हैं। इजरायल में इस साल चुनाव हैं। इस वक्त नेतन्याहू की सरकार कट्टर दक्षिणपंथी पार्टियों को समर्थन से चल रही है। लिहाजा, वे ईरान युद्ध से चुनाव में अपनी पार्टी के स्पष्ट बहुमत हासिल करने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। नेतन्याहू को भरोसा था कि हमले के बाद ईरान की जनता वर्तमान सरकार के खिलाफ बगावत कर देगी। दरअसल, ईरान में कट्टरपंथी धार्मिक नेतृत्व के खिलाफ जनता खासकर युवाओं ने लंबा आंदोलन छेड़ा था। खामेनेई सरकार ने आंदोलन का बेहद क्रूरता से दमन किया था। इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद ने ईरान में बगावत भड़काने की काफी कोशिश की लेकिन उसे सफलता नहीं मिल पाई। बाहरी आक्रमण देश में एकजुटता पैदा करता है। लोगों में देशभक्ति की भावना जोर पकड़ती है। ईरान में ऐसा ही हुआ है। युद्ध के मामले में अमेरिका-इजरायल की प्राथमिकताएं अलग-अलग हैं। इजरायल क्षेत्रीय ताकत है। वह मिडिल ईस्ट में अपने सामने किसी तरह की बड़ी चुनौती नहीं चाहता है। उसका लक्ष्य सीमित है। वहीं दूसरी तरफ अमेरिका को वैश्विक महाशक्ति होने के नाते पूरी दुनिया की स्थिति को ध्यान में रखकर फैसले करने पड़ते हैं। लेकिन, ईरान के मामले में वह दिशाहीनता शिकार है। ट्रम्प के अप्रत्याशित व्यवहार के बावजूद भारत, रूस, चीन का रुख निर्णायक नहीं रहा है। ये तीनों देश चाहते तो अमेरिका, इजरायल पर दबाव डाल सकते थे। अमेरिका, इजराइल हमले के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया बेहद सतर्कता भरी रही है। ऐसा लगता है,वह किसी दबाव में है। विदेश नीति में पहले जैसी स्पष्टता, दूरदर्शिता का अभाव है। 140 करोड़ की आबादी का भारत आज पहले के मुकाबले आर्थिक और सैनिक रूप से बहुत मजबूत है। लेकिन उसका प्रभाव बहुत क्षीण है। उसके रुख में स्पष्टता और प्रखरता की कमी है। वह अमेरिका, इजरायल के पीछे खड़ा है। गुटनिरपेक्ष आंदोलन के समय वैश्विक मंच पर भारत की आवाज को अहमियत मिलती थी। भारत ने कई मौकों पर देशों की संप्रभुता का उल्लंघन होने पर कड़ा विरोध जताया है। उसने एशिया, अफ्रीका में साम्राज्यवाद के खिलाफ असरदार मुहिम चलाई थी। वह कमजोर देशों का सहारा था। कई मौकों पर अंतरराष्ट्रीय विवादों में भारत ने मध्यस्थता की भूमिका निभाई थी। भारत की पहचान नैतिकता, सिद्धांतों और इंसाफ का साथ देने वाले देश की थी। जिन नेताओं और उनके समर्थकों ने भारत को विश्वगुरू और विश्वमित्र के खिताब से विभूषित कर रखा था, उनकी आवाज न जाने कहां गुम हो गई है। ईरान युद्ध से दुनिया को काफी नुकसान हो चुका है। भावी विध्वंस को लेकर प्रभावशाली देश चिंतित नहीं हैं। लगता है, बड़े देशों के बीच अघोषित समझौता हो चुका है कि वे कुछ भी करें, दुनिया को अपने डंडे के बल पर कैसे भी हांकें, दूसरा कुछ नहीं बोलेगा। यूक्रेन पर रूसी हमले के चार साल बीत चुके हैं। चीन ने मध्यस्थता करने की बजाय रूस का साथ दिया है। अमेरिका और यूरोपीय देश देर से यूक्रेन की मदद के लिए आगे आए हैं। यूरोपीय देश चाहते तो अपनी सामूहिक ताकत के बूते रूस को सबक सिखा सकते थे। लेकिन, उन्होंने तत्काल निर्णायक कदम नहीं उठाए। इसलिए विशेषज्ञों को लगता है कि यूक्रेन, गाजा और ईरान युद्ध के समान ताइवान पर चीनी हमले के समय भी बड़े देश चुप बैठ सकते हैं।

# हिन्दू अनुभूति के महानायक हैं श्रीराम

हृदयनारायण दीक्षित

इतिहास पक्षपातपूर्ण नहीं होता। वह निष्पक्ष और निर्मम होता है। निर्मम का अर्थ है मेरा नहीं, इदं न मम। निष्पक्ष। जहां मम है, मेरा है, वहां पक्षपात है। लेकिन 'श्रद्धा' असम्भव पर विश्वास है। श्रद्धा का विकास शून्य से नहीं होता। वह इतिहास से तथ्य लेती है। संस्कृति की कसौटी पर कसती है। 'लोक' समर्थन करता है, विश्वास की सीमाएं फैलती हैं। विश्वास 'अंधविश्वास' जैसा दिखाई पड़ सकता है, लेकिन तर्क और विज्ञान की कसौटी महत्वपूर्ण है। हिन्दू-श्रद्धा का आधार दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। हिन्दू अनुभूति में राम, कृष्ण और शिव त्रिदेव हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। भारतीय श्रद्धा ने उन्हें- इतिहास में खोजा। उन्हें भगवान भी माना। डॉ. राममनोहर लोहिया भारत के लोकमन की थाह ले चुके थे। लोहिया ने राम, कृष्ण और शिव को भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्नों की संज्ञा दी। ''राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है, कृष्ण की उन्मुक्त या सम्पूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है।'' (राम, कृष्ण और शिवः लोहिया, पृ. 4) डॉ. लोहिया समाजवादी थे। डॉ. रामविलास शर्मा मार्क्सवादी थे। महाभारत के सम्बंध में डॉ. शर्मा की टिप्पणी दिलचस्प है, ''महाभारत इतिहास है, आख्यान है.... आधुनिक अर्थ में वह इतिहास नहीं है, लेकिन इतिहास से भिन्न भी नहीं है।'' फिर आगे कहा, ''ऋग्वेद में जो समाज-व्यवस्था है, ऋग्वेद और रामायण के समाजों से महाभारत का समाज पिछड़ा हुआ है।'' (भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेश)। यहां एक समाज ऋग्वेद का है, एक रामायण का और बाद का समाज महाभारत का है। श्रीराम और रामायण का समाज ऋग्वेद के बाद है, महाभारत के पहले है। राज्य-व्यवस्था भी विकसित है। भारत के ज्ञात इतिहास, पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार वैवस्वत मनु पहले आर्य राजा थे। उनके

**हिन्दू अनुभूति में राम, कृष्ण और शिव त्रिदेव हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। भारतीय श्रद्धा ने उन्हें– इतिहास में खोजा। उन्हें भगवान भी माना। डॉ. राममनोहर लोहिया भारत के लोकमन की थाह ले चुके थे। लोहिया ने राम, कृष्ण और शिव को भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्नों की संज्ञा दी। ''राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है, कृष्ण की उन्मुक्त या सम्पूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है।'' (राम, कृष्ण और शिवः लोहिया, पृ. 4) डॉ. लोहिया समाजवादी थे। डॉ. रामविलास शर्मा मार्क्सवादी थे। महाभारत के सम्बंध में डॉ. शर्मा की टिप्पणी दिलचस्प है, ''महाभारत इतिहास है, आख्यान है.... आधुनिक अर्थ में वह इतिहास नहीं है, लेकिन इतिहास से भिन्न भी नहीं है।**

बड़े पुत्र थे इक्ष्वाकु। मनु और इक्ष्वाकु ऋग्वेद में भी हैं। इक्ष्वाकु अयोध्या के राजा थे। इक्ष्वाकु के 19 पीढ़ी बाद मान्धाता चक्रवर्ती राजा हुए। उनका पुत्र पुरुकुत्स अयोध्या का राजा बना। पुरुकुत्स के 11 पीढ़ी बाद दानवीर राजा हरिश्चन्द्र का शासन आया। 41वीं पीढ़ी में राजा सगर और 45वीं में चक्रवर्ती सम्राट भगीरथ। इक्ष्वाकुवंश के बाद 60वीं पीढ़ी में दिलीप, फिर दिलीप का पोता रघु और भी प्रतापी राजा हुआ। रघु के कारण ही 'रघुवंशी' शब्द चला। रघु के पुत्र अज, अज के पुत्र दशरथ और दशरथ के पुत्र श्रीराम। श्रीराम इक्ष्वाकु वंश की 65वीं पीढ़ी में थे। वाल्मीकि ने इन्हीं श्रीराम को अपना नायक बनाया। रामायण अस्तित्व में आई। वाल्मीकि 'आदर्श मनुष्य' का चित्रण कर रहे थे। वाल्मीकि के श्रीराम मनुष्य हैं और ईश्वर भी हैं। लेकिन मनुष्य ज्यादा हैं। तुलसीदास के राम ईश्वर हैं, वे मनुष्य रूप में लीला करते हैं। राम सबको भाए। श्रीराम का चरित्र और व्यक्तित्व विश्वव्यापी बना। संस्कृत और प्राकृत सहित भारत और विश्व की तमाम भाषाओं में रामकथाएं लिखी गईं। तमिल कवि कम्बन ने 11वीं सदी में ही रामकथा लिखी। मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया में भी रामायण राष्ट्रीय महत्व वाला ग्रंथ है। भारतीय इतिहास के सबसे बड़े लोकप्रिय नेता महात्मा गांधी भारत में 'रामराज्य' के ही स्वप्नद्रष्टा बने। लोहिया के अनुसार 'राम' उत्तर और दक्षिण की एकता के देवता हैं और 'रामायण' उत्तर-दक्षिण एकता का ग्रंथ। उन्होंने कहा, ''राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है। उन जैसा मर्यादित जीवन कहीं और नहीं, न इतिहास में, न कल्पना में। श्रीराम समन्वय के प्रतीक हैं। न्याय के लिए संघर्ष के प्रतीक हैं। राम आनंद-सागर हैं, हिलोरें लेने वाला सागर नहीं, विश्रांत-निस्पंद।'' लोहिया को तुलसी का 'रामचरित मानस' मोहित करता था। एक-एक चौपाई आनंद का सागर है। 'रामराज्य' विश्व में अद्वितीय है। वैदिककाल से लेकर आधुनिक काल की किसी राज्यप्रणाली में रामराज्य के आदर्श नहीं मिलते। तुलसी लिखते हैं, ''बयरु न कर काहू सन कोई, राम प्रताप विषमता खोई।'' (रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड) फिर कहते हैं, ''अल्प मृत्यु नही कौनिऊ पीरा, सब सुन्दर सब बिरुज शरीरा। नहि दरिद्र कोऊ दुखी न दीना, नहि कोऊ अबुध न लच्छन हीना। न अल्पमृत्यु है, न बीमारियां। सब स्वस्थ हैं। कोई गरीब और दुःखी नहीं है। न कोई मूर्ख है और न अगुणी।'' सबसे दिलचस्प बात यह है, ''बिधु महि पूर मयूखन्हि, रबि तप जेतन्हि काज''- चन्द्रमा धरती को प्रकाश से पूर्ण करता है, सूर्य उतना ही तपते हैं, जितना जरूरी होता है। फिर वर्षा के बारे में कहते हैं, ''मांगे वारिधि देहि जल, रामचन्द्र के राज- बादल इच्छा करते ही, जल माँगते ही बरस पड़ते हैं। रामचरितमानस की प्रगतिशीलता सांस्कृतिक परम्परा से संवाद करती है। यह 'विधि निषेधमय कलिमय हरनी' (बालकाण्ड) है, इसमें विधि-निषेध (करणीय और अकरणीय) की सूची है। वेदों की परम्परा है, उपनिषदों का दर्शन है। सगुण भक्ति-उपासना है। निर्गुण-निराकार की सरल व्याख्या है। अद्वैत दर्शन भी है, ''एक दारुगत देखिए एकू, पावक सम जुग ब्रह्म विवेकू- जैसे लकड़ी के भीतर निराकार अग्नि छिपी रहती है, दिखाई नहीं पड़ती, लेकिन जलते समय अग्नि प्रकट रहती है।'' प्रकट अग्नि सगुण है, अप्रकट अग्नि निर्गुण है। ऋग्वेद में अग्नि से ऐसी ही प्रार्थना है। उपनिषदों वाले ब्रह्म की तुलसी की चौपाई ठेठ अवधी भाषा में है ''व्यापकु एकु ब्रह्म अविनाशी, सत चेतन घन आनंद वासी।'' (बालकाण्ड) लेकिन तुलसी भक्तिमार्गी हैं, ''निरगुन तें एहि भांति बड़, नाम प्रभाऊ अपार''- वे नाम का प्रभाव निर्गुण और सगुण से भी बड़ा बताते हैं, ''कहहुं नाम बड़ नाम राम तें निज विचार अनुसार।'' यहां राम का नाम सगुण राम से भी बड़ा है। ''राम नाम वाणी है। मन संकल्प है। ध्यान है, विज्ञान है, अन्न-जल उन्हीं में है, वे तेज हैं। आकाश हैं, आशा हैं, प्राण हैं। मार्क्सवादीविद्वान श्रीराम को कल्पना बताते हैं। 'राम' भारत की श्रुति में, बोली में, नमस्कार और कुशलक्षेम में, प्रत्येक मंगलमुहूर्त में हैं। चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य बहुपठित विद्वान और राजनेता थे। रामकथा पर वे भी सम्मोहित थे। उन्होंने तमिल में 'तिरुगमन-रामायण' लिखी। इसका हिन्दी अनुवाद उनकी पुत्री और महात्मा गांधी की पुत्र-बहू लक्ष्मी देवदास गांधी ने किया। राजाजी ग्रन्थ की भूमिका में लिखते हैं, ''सियाराम, हनुमान और भरत को छोड़कर हमारी कोई गति नहीं। उनकी कथा हमारे पूर्वजों की धरोहर है। हम आज उसी के आधार पर जीवित हैं।'' (हिन्दी अनुवाद, पृ. 7) यहां 'इसी के आधार पर हम जीवित हैं' वाक्य पर गौर करना चाहिए। भारत का राष्ट्रजीवन अखण्ड रामायण है। अविभक्त है। हिन्दू अनुभूति के महानायक हैं श्रीराम। वे दिक्काल में हैं और दिक्काल के परे भी। भारतीय जनता के चित्त, आचार-व्यवहार पर श्रीराम का प्रभाव है। श्रीराम 'मंगल भवन' हैं और 'अमंगलहारी' भी। वे भारत के मन में रमते हैं। मिले तो राम-राम, अलग हुए तो राम-राम। राम का नाम हमसब बचपन से सुनते आए हैं। वे संकट के धैर्य हैं। वे परम शक्तिशाली हैं। भाव-श्रद्धा में वे ईश्वर हैं। राम तमाम असंभवों के संभव हैं। युद्ध में अजेय पौरुष-पराक्रम और निजी जीवन में मर्यादा के पुरुषोत्तम। श्रीराम भारतीय आदर्श व आचरण के शिखर हैं। भारतीय मनीषा ने उन्हें ब्रह्म या ईश्वर जाना है। श्रीकृष्ण भी विष्णु के अवतार हैं। वे अर्जुन को गीता (10.31) में बताते हैं ''पवित्र करने वालों में मैं वायु हूं और शस्त्रधारियों में राम हूं।'' राम महिमावान हैं। श्रीकृष्ण भी स्वयं को राम बताते हैं।

# केपीएस भीटी के वार्षिकोत्सव सप्तरंग में बच्चों ने बिखरी इंद्रधनुषी छटा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज, भीटी में विद्यालय का वार्षिकोत्सव सप्तरंग बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत-संगीत, वाद्ययंत्र और अभिनय के शानदार संगम से अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा मंच मानो इन्द्रधनुषी रंगों से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रिद्धि-सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के चेयरमैन एवं निवर्तमान चायल विधायक श्री संजय कुमार गुप्ता तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गणेश वंदना के माध्यम से विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की सफलता की कामना की। इस अवसर पर प्री-प्राइमरी कक्षा के नन्हे बच्चों का ग्रेजुएशन डे भी बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। बच्चों ने ग्रेजुएशन कैप और गाउन पहनकर समारोह की गरिमा बढ़ाई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। बच्चों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुतियों में जूनियर के.जी. के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका "ओल्ड एज होम" ने समाज को भावनात्मक संदेश दिया कि जिस प्रकार हम अपने बुजुर्गों के साथ व्यवहार करते हैं, वही संस्कार अगली पीढ़ी अपनाती है।

वहीं पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों की नाटिका "यादों की बारात" ने मोबाइल के दुष्प्रभाव को दर्शाते हुए पारंपरिक खेलों को अपनाने का संदेश दिया। इसके अलावा बॉलीवुड रैम्प वॉक, क्लासिकल डांस, डांडिया, गिद्दा तथा राष्ट्रीय एकता पर आधारित नृत्य-नाटिका जैसी रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय की निदेशिका सुश्री सीमा पंवार ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि श्री संजय कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षकों का योगदान अतुलनीय है और वे सम्मान के पात्र हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. संजय श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय को प्रदेश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में शामिल करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर रिद्धि-सिद्धि ग्रुप की उपाध्यक्ष सुश्री सपना गुप्ता, संस्थापक देव बाबू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## फोन-पे फ्रॉड का शिकार युवक को राहत, साइबर सेल ने वापस कराए 18 हजार रुपये

मीरजापुर। ऑनलाइन साइबर ठगी के मामले में थाना जिगना साइबर सेल टीम ने सराहनीय कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते में 18 हजार रुपये वापस कराए। यह मामला फोन-पे पर रिक्वेस्ट भेजकर यूपीआई के माध्यम से की गई ठगी से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, 10 दिसंबर 2025 को खैरा निवासी असीम सिंह ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति ने फोन-पे के जरिए रिक्वेस्ट भेजकर तीन बार में कुल 71 हजार रुपये की ठगी कर ली। शिकायत मिलते ही थाना जिगना साइबर सेल टीम ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच के दौरान 18 हजार रुपये की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी। खाते में पैसे वापस आने पर पीड़ित असीम सिंह शनिवार को थाना जिगना पहुंचा और पुलिस टीम का आभार जताया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक अवधेश सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर स्वतंत्र यादव एवं आरक्षी कौशलेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# निबंध एवं संवाद प्रतियोगिता का आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। वृद्धाश्रम, ओसा में आज निबंध एवं संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग के निर्देशन में संस्था 'निर्मल तमसा सेवा समिति' द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को परिवार एवं समाज में बुजुर्गों की भूमिका, उनके अनुभव और मार्गदर्शन के महत्व के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने बुजुर्गों के प्रति अपने विचार व्यक्त किए और उनके सम्मान की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम प्रबंधक आलोक राय ने कहा कि हमें अपने बड़े-बुजुर्गों का सदैव आदर और सम्मान करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा बुजुर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन प्रदान किया जा सकता है। कार्यक्रम में एडवोकेट प्रिया सिंह, आरती, अंकिता सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को संस्था की ओर से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों में संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# लोक संस्कृति एवं विचार संस्कृति में कुछ असमानताएं: सलिल मिश्र

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज,। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में शनिवार को 'लोक संस्कृति-परम्परा, पहचान एवं प्रतिमान' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

व्याख्यान के मुख्य वक्ता आचार्य सलिल मिश्र, विजिटिंग प्रोफ़ेसर, बी.एम.एल. मुंजाल विश्वविद्यालय, गुरुग्राम, हरियाणा ने लोक संस्कृति के तीन आधार पर प्रकाश डाला, जिसमें भाषाओं और धार्मिक आयाम के द्वारा लोक संस्कृति को समझने के लिए महत्वपूर्ण विचारों को साझा किया। उन्होंने कहा कि लोक संस्कृति एवं विचार संस्कृति में बहुत कुछ अलग होते हुए भी कुछ असमानताएं मिलती हैं। 19वीं सदी में यूरोप में सभ्य और गैर सभ्य समाजों के बीच अंतर किया जाने लगा। भारत और चीन में भाषायी इतिहास के संदर्भ में 12वीं सदी का समय बहुत महत्वपूर्ण है। अमीर खुसरो का संदर्भ लेते हुए भाषायी विविधता को उन्होंने स्पष्ट किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. सत्यकाम ने कहा कि किसी भी राष्ट्र या संस्था का निर्माण व्यक्ति आश्रित होता है। अटल जी की विश्व दृष्टि ने भारत को स्थिर राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। उन्होंने अटलजी के काव्य लेखन को राष्ट्र प्रेम से प्रेरित बताते हुए कहा कि भारतीय लोक संस्कृति एक समावेशी संस्कृति है। लोक संस्कृति के मुख्य स्रोत भाषायी और धार्मिक आयाम तथा विचार होते हैं।

मुक्त विवि के पीआरओ डॉ. प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि व्याख्यान के संयोजक तथा निदेशक, समाज विज्ञान विद्या शाखा के प्रो. एस कुमार ने मंचासीन विशिष्ट जनों का वाचिक स्वागत किया। सत्र का संचालन सहायक आचार्य सुनील कुमार ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. संजय सिंह ने किया। इस व्याख्यान में विश्वविद्यालय के समस्त विद्या शाखाओं के निदेशकगण, आचार्यगण, सहआचार्यगण, सहायक आचार्यगण व समस्त शोधार्थी छात्र उपस्थित रहे।

## गुढा हनुमान मंदिर का 1.30 करोड़ रुपये से होगा सौंदर्यीकरण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

नरैनी। तहसील क्षेत्र के गुढा गांव स्थित सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर का 1.30 करोड़ रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इस कार्य के लिए पर्यटन विभाग ने प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। क्षेत्रीय विधायक ने प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग के मंत्री को पत्र लिखकर मंदिर परिसर के विकास की मांग की थी। क्षेत्र में कस्बा से लगभग आठ किलोमीटर दूर स्थित गुढ़ा गांव का प्राचीन और सिद्धपीठ हनुमान मंदिर क्षेत्र एवं बाहरी श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। लोगों की आस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जो विवाद या मामले प्रदेश और देश की बड़ी अदालतों में नही सुलझ पाते सम्बंधित लोग ऐसे मामलों को मंदिर की दहलीज में बैठ कर निपटा लेते हैं।

# प्रतिभा सम्मान समारोह के द्वितीय चरण में कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। राष्ट्रीय जागरण मंच व अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में व कार्यक्रम संयोजक मनोज कुमार श्रीवास्तव के संयोजन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के द्वितीय चरण में नगर के लाजपत नगर श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बाराबंकी मुख्य डाक अधीक्षिका व साहित्यकार किरन सिंह का सम्मान किया गया जिन्होंने बाराबंकी पोस्ट आफिस में पासपोर्ट सेवाओं का आरंभ कराकर बाराबंकी जनपद को बहुत बड़ी सौगात भेंट की है तथा जिनके सुपुत्र सिविल सेवा परीक्षा में चयनित हुए हैं। इसी क्रम में वारिस इंटर कालेज प्रबंधक, पत्रकार व जिला महामंत्री भाजपा घोषित हुए विजयानंद वाजपेई, बाबा गुरुकुल एकेडमी प्रबंधक व जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष हरपाल सिंह, समाजसेवी पुष्पेन्द्र सिंह सरोज , प्रति वर्ष संत रविदास जयंती पर शोभायात्रा निकालकर हिन्दू समाज को एक एकजुटता का पाढ पढ़ाने वाले मनोज कुरील , सबके दिलों में सेवा के माध्यम से स्थान बनाने वाले नगर अध्यक्ष भाजपा सूरज सिंह, युवा उद्यमी सतीश श्रीवास्तव, सभासद अभिषेक गुप्ता, मातृशक्ति समाज सेविका व अधिवक्ता मालती यादव ,मुस्कान श्रीवास्तव सहित अनेकों विशिष्ट जनों को माला पहनाकर कर व स्वामी विवेकानंद जी का फोटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुभाष श्रीवास्तव, विनीत तिवारी, सुबोध श्रीवास्तव,अजय श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, हरीश श्रीवास्तव राजा, अरविंद श्रीवास्तव, किरन भरद्वाज, अधिवक्ता श्रीमती लता श्रीवास्तव,शरद श्रीवास्तव,विनय श्रीवास्तव, राज़ीव श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, हेमंत श्रीवास्तव, बलराम श्रीवास्तव, संतोष कश्यप, अंशू श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव,एन के तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव,योगेन्द्र गुप्ता, जितेंद्र चौहान सहित अनेकों कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने भरपूर सहयोग प्रदान किया।

# धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर गिरोह का पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। ये लोग मेला ओर बाजार में सोने का बताकर लोगों को नकली माला बेंचकर उनसे धोखाखड़ी करते थे। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आलोक मिश्रा ने शनिवार शाम ककोर मुख्यालय में पत्रकारों को बताया कि दिबियापुर थाना में दर्ज मामले का अनावरण करते हुए पुलिस ने भीम भाट, गुलशन शर्मा, पूनम, देवली शर्मा और राजवती को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से चार किलोग्राम वजन की पीली धातु, मोतियों की तीन मालाएं, पीली धातु के तार के बंडल, हुक, चिमटी, सुई-धागा, तीन मोबाइल फोन और 24,500 रुपये नकद बरामद किया है।

एएसपी ने बताया कि यह मामला 12 जनवरी को उस समय सामने आया था, जब कानपुर देहात के मंगलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हिसावां निवासी जितेंद्र कुमार ने शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि पांच जनवरी को कुछ लोगों ने उन्हें असली सोने का बताकर नकली माला बेच दी थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे संगठित गिरोह के रूप में काम करते थे और मेलों, गल्ला मंडियों व भीड़भाड़ वाले बाजारों में ग्रामीणों व महिलाओं को निशाना बनाते थे। गिरोह के सदस्य खुद को पुराने खजाने का मालिक बताकर लोगों को झांसे में लेते थे और नकली मालाएं बेचते थे। भरोसा दिलाने के लिए वे असली सोने का छोटा टुकड़ा दिखाकर जांच कराने की बात कहते थे, जिससे लोग उनके जाल में फंस जाते थे।

# एलपीजी की कालाबाजारी पर लगे रोक

## विधान परिषद की वित्तीय समिति का निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बलिया। विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को विकास भवन सभागार में सभापति डॉ. रतन पाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें वैश्विक संकट के बीच एलपीजी गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने और इसकी कालाबाजारी पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए।

विधान परिषद सदस्यों ने जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं और प्रशासनिक मामलों की गहन समीक्षा के दौरान बैठक में जिले के सभी निजी अस्पतालों की जांच कर कार्रवाई कराने को भी कहा। चालू वित्तीय वर्ष में संचालित सरकारी योजनाओं की विभागवार प्रगति का आकलन करते हुए गत वर्ष दिसंबर तक स्वीकृत बजट, खर्च की स्थिति और विभागों को अपेक्षित धनराशि न मिलने पर उनके प्रयासों की जानकारी ली गई। जनवरी 2022 से दिसंबर 2025 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य देयों के भुगतान की स्थिति पर सवाल उठाए गए। लंबित पदोन्नति, चयन वेतनमान, मृतक आश्रित नियुक्ति और लंबित प्रकरणों का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया। किसानों के मुआवजे, विशेषकर भूमि अधिग्रहण के बाद लंबित भुगतान, तथा वृद्धावस्था और विधवा पेंशन के वर्षों से लंबित मामलों पर भी गंभीरता से विचार किया गया।

सभापति डॉ. रतन पाल सिंह ने स्वयं सहायता समूहों के मानदेय की मॉनिटरिंग पर जोर देते हुए 940 ग्राम पंचायतों की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए। स्वास्थ्य विभाग को पीएचसी और सीएचसी के निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही सभी सीएचसी व पीएचसी पर बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। निजी एंबुलेंस द्वारा मनमानी वसूली की शिकायतों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को 2017 से अब तक प्राप्त प्रस्तावों और उनके निस्तारण की जानकारी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने तथा लटके तारों को शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने डीपीआरओ को निर्देश दिए कि 940 ग्राम पंचायत में से 910 ग्राम पंचायत सचिवालय पूर्ण कर लिया गया है। शेष ग्राम पंचायत सचिवालय निर्माण हेतु प्रपोजल बनाकर शासन को भेजा जा चुका है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों में विद्युत कनेक्शन की जांच कर आवश्यकतानुसार कनेक्शन उपलब्ध कराने को कहा। जल जीवन मिशन के तहत वर्षों से अधूरी पड़ी पानी टंकियों को चालू कराने और आवश्यक स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया।

# संक्षिप्त समाचार

## मीरजापुर में जागरूकता और प्रशिक्षण का महाअभियान

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के मार्गदर्शन में शनिवार को विकास भवन सभागार में आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के 100 स्टेकहोल्डर तथा सिटी व कोन ब्लॉक की 100 महिला स्वयं सहायता समूह की प्रमुख महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समन्वित तैयारी को मजबूत करना रहा। परियोजना निदेशक डीआरडीए अजय कुमार सिंह ने कहा कि आपदा प्रबंधन का मूल आधार क्षमता निर्माण, पूर्व तैयारी और समन्वित प्रतिक्रिया है। उन्होंने बहु-आपदा दृष्टिकोण अपनाने पर जोर देते हुए बताया कि बाढ़ के साथ-साथ डूबने की घटनाएं भी जनपद में गंभीर समस्या हैं, जिनसे बचाव के लिए जागरूकता और सतर्कता जरूरी है। एनडीआरएफ टीम कमांडर राहुल वर्मा ने आपदा के दौरान बचाव उपाय, प्राथमिक उपचार, सुरक्षित निकासी और सर्पदंश से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने झाड़-फूंक के बजाय तत्काल चिकित्सीय उपचार पर बल दिया। यूनिसेफ के सलाहकार घनश्याम मिश्र ने बच्चों और महिलाओं को आपदा में सबसे संवेदनशील वर्ग बताते हुए उनके पोषण और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शांति एवं सौहार्द' के लिए की गई सामूहिक प्रार्थना

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जनपद की वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर में कुलपति प्रोफ़ेसर वंदना सिंह की एक भावुक अपील पर पूरा विश्वविद्यालय परिवार एकजुट हो गया। वैश्विक अशांति और तनाव के दौर में मानवीय मूल्यों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से कुलपति के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के समस्त विभागों में शनिवार को 'शांति एवं सौहार्द' के लिए पांच मिनट का सामूहिक प्रार्थना और ध्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियां कुछ समय के लिए थम गईं और परिसर सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर नजर आया।

# जनसंख्या असंतुलन गंभीर चुनौती: मिलिंद परांडे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। बढ़ता जनसंख्या असंतुलन देश के भविष्य के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है। यह केवल आंकड़ों की बात नहीं बल्कि सामाजिक ढांचे, सांस्कृतिक पहचान और आने वाली पीढ़ियों की दिशा से जुड़ा विषय है। समय रहते इस पर ठोस नीति और व्यापक जागरूकता जरूरी है, नहीं तो इसके नतीजे गंभीर हो सकते हैं। यह बातें शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने कानपुर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहीं।

उन्होंने आगे कहा कि जनसंख्या में असंतुलन का असर सीधे तौर पर समाज की बनावट और संसाधनों के बंटवारे पर पड़ता है। इससे सामाजिक सामंजस्य बिगड़ सकता है और कई तरह की नई चुनौतियां सामने आ सकती हैं। ऐसे में इस विषय को नजरअंदाज करना भविष्य के लिए भारी पड़ सकता है। साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि इस दिशा में ठोस और संतुलित नीतिगत प्रयासों की आवश्यकता है।

लव जिहाद और अवैध धर्मांतरण जैसे मुद्दों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ये घटनाएं अलग-अलग रूप में समाज के सामने आ रही हैं और खासतौर पर कमजोर वर्गों को प्रभावित कर रही हैं। इससे पारिवारिक व्यवस्था और सामाजिक संतुलन पर असर पड़ता है, इसलिए इन विषयों को लेकर जागरूक रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का हल केवल विरोध तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज के भीतर एकता और जागरूकता बढ़ाने पर जोर देना होगा। परिवारों को मजबूत करना, सामाजिक मूल्यों को बचाए रखना और सांस्कृतिक आधार को कायम रखना समय की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि समाज को छोटे-छोटे भेदों से ऊपर उठकर एक साथ खड़ा होना होगा। जब तक समाज बंटा रहेगा, तब तक वह किसी भी बड़ी चुनौती का सामना मजबूती से नहीं कर पाएगा। इसलिए समरसता और आपसी विश्वास को मजबूत करना जरूरी है।

रामोत्सव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से समाज में जागरूकता और एकजुटता का संदेश भी फैलाया जाता है। राम के आदर्श जीवन से समाज को अनुशासन, कर्तव्य और संगठन की प्रेरणा मिलती है, जिन्हें अपनाकर सामाजिक मजबूती लाई जा सकती है।

कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाएं और परिवार तथा समाज को मजबूत बनाने की दिशा में आगे आएं। समाज जितना संगठित और जागरूक होगा, देश उतना ही मजबूत और संतुलित बनेगा। पत्रकार वार्ता में विहिप क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र, प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना, प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल, प्रान्त प्रचार प्रसार प्रमुख ओमेंद्र अवस्थी भी उपस्थित रहे।

# 800 बीघा जमीन पर यूपी–हरियाणा के किसानों में विवाद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बागपत। बागपत जिले के पाली गांव में करीब 800 बीघा जमीन को लेकर उत्तर प्रदेश और हरियाणा के किसानों व राजस्व विभाग के बीच विवाद गहरा गया है। शनिवार को पाली गांव के किसानों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर हरियाणा के राजस्व विभाग की टीम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की।

प्रदर्शन कर रहे किसानों ने शिकायती पत्र दिया है जिसमें कहा गया है कि संबंधित जमीन उनकी पुश्तैनी कृषि भूमि है, जिस पर वे लंबे समय से खेती करते आ रहे हैं। किसान नेताओं राकेश आर्य, गजेंद्र, राम भजन, प्रताप, महेश पाल और प्रेमपाल सिंह ने आरोप लगाया कि हरियाणा के अधिकारी और वहां के कुछ किसान इस जमीन को पंचायती भूमि बताकर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी जमीन पर किसी प्रकार का अतिक्रमण किया गया तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उनकी जमीन की पैमाइश कराई जाए और बाहरी हस्तक्षेप को रोका जाए। जिलाधिकारी बागपत अस्मिता लाल ने मामले को दोनों राज्यों के राजस्व विभाग के बीच समन्वय स्थापित कर समाधान निकालने की बात कही है। विवाद को लेकर क्षेत्र के किसानों में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

## बिहार से पिस्टल खरीदकर ला रहा युवक को जीआरपी ने पकड़ा

देवरिया। जीआरपी ने शनिवार को चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन देवरिया सदर के पूर्वी साइन बोर्ड के पास से एक युवक को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे बलिया सविरत्न गौतम ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सहारनपुर के ग्राम कलसी निवासी अभिषेक उपाध्याय के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक 32 बोर पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह बिहार गया था, जहां उसने एक अज्ञात व्यक्ति से सोशल मीडिया पर रील बनाने के उद्देश्य से 45 हजार रुपये में पिस्टल और कारतूस खरीदा था। वह इसे लेकर अपने गांव लौट रहा था, तभी पुलिस की चेकिंग में पकड़ा गया।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
NER-LJN-2026-52
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाइन खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है– क्रम सं.01, ई-निविदा संख्या: NER-LJN-2026-52, कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन में मैलानी के सेवा भवनों (टीटीई रूम, ओ०आर०एच० आदि) की टपकती छत की मरम्मत का कार्य। अनुमानित लागत (रू०): ₹ 61,98,139.07, अग्रिम धन (रू०): ₹ 1,24,000/-, समापन अवधि 06 माह।
(1) उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2026-52 के लिये ई-निविदा दिनांक 17-04-2026 को 15:30 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 16:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेगी।
(2) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग, लखनऊ
मुजापि/डब्लू-531
गाड़ियों की छतों व पायदान पर यात्रा न करें

# बाइक टकराव के बाद दो पक्षों में खूनी संघर्ष

## बीच-बचाव करने आई महिला की पीटकर हत्या, गांव में तनाव, प्रशासन सतर्क

- मृतका के परिजनों की तहरीर पर पांच आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अज़ान खीरी। थाना हैदराबाद की अज़ान चौकी क्षेत्र के बघमरा गांव में बीती रात एक मामूली बाइक टकराव ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुए विवाद में बीच-बचाव करने पहुंची 50 वर्षीय महिला कमला देवी की गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया, जिसे देखते हुए हैदराबाद पुलिस को गांव में तैनात कर दिया गया है। ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार, मुड़ा जवाहर निवासी अनुराग गौतम पुत्र संतोष कुमार किसी काम से बाइक से बघमरा गांव आया था। गांव के दक्षिणी छोर पर चमन यादव अपने झाले (खेत पर बने मकान) के पास खड़ा था, तभी अनुराग की बाइक उससे टकरा गई।

इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाले मिश्रीलाल, पंकज, दिनेश और बसंत (सभी पुत्र बाबूराम पासी, निवासी बघमरा) बीच-बचाव करने पहुंचे। बताया जा रहा है कि मृतका कमला देवी के परिवार और इन पड़ोसियों के बीच जमीन को लेकर पहले से पुरानी रंजिश चली आ रही थी, जिसके चलते बीच-बचाव के दौरान ही दोनों पक्षों में कहासुनी तेज हो गई। इसी बीच चमन यादव के घर विवाद की सूचना पहुंची तो उसकी मां कमला देवी और बड़ा बेटा रेशम सिंह यादव भी मौके पर आ गए। आरोप है कि पहले से लाठी-डंडों से लैस पंकज, दिनेश, मिश्रीलाल, बसंत आदि ने उन पर हमला बोल दिया। मारपीट में कमला देवी को गंभीर अंदरूनी चोटें आईं और वह मौके पर ही गिर पड़ीं। सूचना पर डायल 112 की टीम पहुंची और स्थिति को संभालते हुए थाना प्रभारी हैदराबाद को बुलाया। घायल कमला देवी को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही हैदराबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

गांव में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो मृतका के परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जब तक आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। इसे लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी रही।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर अनुराग पुत्र संतोष कुमार (निवासी ग्राम मुड़ा जवाहर) तथा बसंत, पंकज और दिनेश पुत्र बाबूराम (निवासी बघमरा) के खिलाफ भीड़ द्वारा हत्या, हत्या का प्रयास व जानबूझकर मारपीट करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है इस संबंध में थाना प्रभारी हैदराबाद सुनील मलिक ने बताया कि मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल पुलिस गांव में कैंप कर रही है और हालात पर नजर रखे हुए है। देर शाम तक मृतका के परिजनों ने अंतिम संस्कार नहीं किया था।

# रिसोर्स सेंटर गोला में दिव्यांग बच्चों को दी जा रही समावेशी शिक्षा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित रिसोर्स सेंटर गोला में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शिक्षा और प्रशिक्षण की प्रभावी व्यवस्था की गई है। यहां विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे वे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सकें। रिसोर्स सेंटर में दृष्टिबाधित 27 नामांकित बच्चों को विशेष शिक्षकों द्वारा ब्रेल लिपि के माध्यम से पढ़ाया जाता है। शिक्षक ओमप्रकाश बच्चों को ब्रेल लिपि में सभी विषयों का अध्ययन कराते हैं, साथ ही ट्रेलर फ्रेम और अबेकस के जरिए गणितीय ज्ञान भी प्रदान करते हैं, जिससे बच्चों की समझ विकसित हो सके। श्रवण बाधित बच्चों के लिए भी यहां विशेष व्यवस्था की गई है। शिक्षक जगतपाल और प्रेमपाल गंगवार द्वारा सांकेतिक भाषा के माध्यम से बच्चों को सभी विषयों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे पढ़ने-लिखने में दक्ष बन सकें। वहीं बौद्धिक अक्षमता से ग्रसित बच्चों को सुमन लता द्वारा दैनिक जीवन की आवश्यक क्रियाओं के साथ-साथ शैक्षणिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें विभिन्न शैक्षणिक सामग्रियों की सहायता से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तैयार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा इन बच्चों के लिए कई सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनमें एस्कॉर्ट अलाउंस, स्टाइपेंड, दिव्यांग प्रमाण पत्र और आवश्यक उपकरण शामिल हैं। इन व्यवस्थाओं के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है और वे समाज में अपनी पहचान बना रहे हैं।

# बैंड-बाजे के साथ निकली स्कूल चलो रैली, शिक्षा के प्रति किया जागरूक




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार चलाए जा रहे स्कूल चलो अभियान के तहत क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली का आयोजन आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर, लक्ष्मी नगर कॉलोनी द्वारा किया गया, जिसमें बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैंड-बाजे के साथ निकली इस जागरूकता रैली में छात्र-छात्राएं हाथों में तख्तियां लेकर ल्लस्कूल चलो-स्कूल चलोङ्क ''आधी रोटी खाओ, बच्चों को पढ़ाओङ्क ल्लबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओङ्क जैसे प्रेरणादायक नारे लगाते हुए नगर की सड़कों पर निकले। रैली के दौरान पूरे क्षेत्र में शिक्षा के महत्व का संदेश गूंजता रहा और लोगों को अपने बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कश्यप ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ल्लसभी पढ़ें, सभी बढ़ेंङ्क का संकल्प ही समाज को आगे ले जा सकता है। उन्होंने शिक्षा को जीवन की ल्लमास्टर चाबीङ्क बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से हर कठिनाई का समाधान संभव है। बिना शिक्षा के व्यक्ति अधूरा रह जाता है, इसलिए प्रत्येक अभिभावक का कर्तव्य है कि वह अपने बच्चों को शिक्षित बनाए। उन्होंने अनुशासन और शिक्षा को जीवन के दो महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए इन्हें अपनाने पर जोर दिया प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि विद्यालय सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी निरंतर कार्य कर रहा है। ऐसे जरूरतमंद और असहाय परिवारों के बच्चों, जिनकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है या जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उन्हें विद्यालय द्वारा निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। रैली को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और अभिभावकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में काजल वर्मा, लक्ष्मी देवी, ममता मिश्रा, अंजली वर्मा, सुमित कुमार यादव, रामनरेश वर्मा, सोहनी गुप्ता, कामिनी वर्मा, सानिया शर्मा, मनीषा देवी, लक्ष्मी श्रीवास्तव, रूबी देवी, नेहा शर्मा, अलका वर्मा, पूजा गुप्ता, कल्पना गुप्ता, प्रिय सिंह, नेहा वर्मा सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## पटेल संस्थान की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

गोला गोकर्णनाथ खीरी। कूर्मि क्षत्रिय समाज कल्याण समिति की एक आवश्यक बैठक मिलवाई पास रोड स्थित पटेल संस्थान में संस्थान के अध्यक्ष राजीव वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान आगामी होली मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए तैयारियों की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम को भव्य एवं व्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के लिए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि संस्थान की मासिक बैठक प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को नियमित रूप से आयोजित की जाएगी, जिससे संगठन की गतिविधियों को गति मिल सके। विभिन्न सामाजिक विषयों पर भी विचार-विमर्श कर भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई बैठक में अशोक कनौजिया, अजय वर्मा, अमित कुमार वर्मा, महेश कुमार वर्मा एडवोकेट, डॉ. दीपू वर्मा, कपिल वर्मा, विशाल वर्मा, संजय वर्मा (एडीओ) सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जॉइंट सेक्रेटरी तान सिंह के नेतृत्व में यूपी सेपकटाकरा टीम ने रचा इतिहास

- राजभवन में हुआ सम्मान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





गोला गोकर्णनाथ खीरी। रांची में आयोजित 28वीं सब-जूनियर नेशनल सेपकटाकरा चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों की झड़ी लगाकर इतिहास रच दिया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के बाद टीम ने राजभवन पहुंचकर महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से भेंट की, जहां खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का भव्य सम्मान किया गया। इस स्वर्णिम सफलता का मुख्य श्रेय उत्तर प्रदेश सेपकटाकरा एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी, टीम मैनेजर एवं पूर्व आईटीबीपी अधिकारी तान सिंह के कुशल नेतृत्व को दिया जा रहा है। जनपद लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र के ग्राम जहांपुर के मूल निवासी तान सिंह वर्तमान में बरेली में रहकर खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में टीम ने अनुशासन और तकनीक का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

टीम की इस उपलब्धि में साई (ट्इक्र) कोच मीना कुमारी और एसोसिएशन कोच राम कुमार का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके उत्कृष्ट प्रशिक्षण का ही परिणाम खिलाड़ियों के प्रदर्शन में देखने को मिला। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम ने रेगू इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर पूरे देश में प्रदेश का नाम रोशन किया। वहीं क्षेत्र के लिए गर्व की बात यह रही कि छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के चिल्ड्रन एकेडमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अभिमान कश्यप ने टीम इवेंट में कांस्य पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया राजभवन में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान राज्यपाल ने 27 सदस्यीय दल से संवाद करते हुए कहा कि सेपकटाकरा जैसे खेलों में उत्तर प्रदेश का उभरता प्रदर्शन प्रदेश के खेल कौशल की नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की यह सफलता भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।

# डीआईजी ने मदनपुर थाना का किया आकस्मिक निरीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



देवरिया। गोरखपुर के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) एस. चन्नप्पा ने शनिवार को जनपद देवरिया के थाना मदनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना कार्यालय, मालखाना, अभिलेखों का संधारण, शस्त्रागार, हवालात, बैरक, मेस तथा परिसर की साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता एवं तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए। प्रत्येक प्रार्थना पत्र की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। अपराध एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए हिस्ट्रीशीटरों, टॉप-10 अपराधियों एवं वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करे। साथ ही बीट पुलिसिंग को सुदृढ़ करने, ग्राम चौकीदारों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाए रखने और क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने पर विशेष बल दिया जाए। उन्होंने थाने की मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने मालखाने में जमा शस्त्रों एवं अन्य सामग्री के विधिवत रख-रखाव और समय-समय पर निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा है। सीसीटीएनएस प्रणाली के प्रभावी उपयोग, डिजिटल अभिलेखों के अद्यतन एवं साइबर एवं महिला संबंधी अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी बल दिया गया।

# दिल्ली के रामलीला मैदान में 4 अप्रैल को शिक्षक संघ करेगा महारैली

- प्राथमिक शिक्षक संघ की समीक्षा बैठक संपन्न, 4 अप्रैल की महारैली को लेकर बनी रणनीति

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




देवरिया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद देवरिया की जिला कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को शिक्षक भवन में संपन्न हुई।

बैठक प्रदेशीय नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेशीय पर्यवेक्षक व मंत्री श्रीधर मिश्रा तथा मंडलीय पर्यवेक्षक बस्ती के मंत्री चंद्रिका सिंह की देखरेख में आयोजित की गई, जिसमें ब्लॉकवार तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में 4 अप्रैल 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित महारैली को लेकर विशेष चर्चा हुई। सभी ब्लॉकों से जाने वाले शिक्षकों के ट्रेन टिकट और वाहन संख्या का ब्यौरा लिया गया। प्रदेशीय मंत्री श्रीधर मिश्रा ने कहा कि वर्ष 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य करना और अर्हता न होने पर सेवा से हटाने का आदेश अन्यायपूर्ण है। यह शिक्षकों के अस्तित्व का सवाल है और इसके खिलाफ सड़क से लेकर संसद तक आवाज उठाई जाएगी। मंडलीय मंत्री चंद्रिका सिंह ने कहा कि टीईटी का मुद्दा अब राष्ट्रीय स्वरूप ले चुका है और टीचर फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया इस पर सफलता मिलने तक आंदोलन जारी रखेगा। बताया गया कि 4 अप्रैल को रामलीला मैदान में 16 राज्यों के लाखों शिक्षक जुटेंगे, जिसमें उत्तर प्रदेश की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि यह महारैली देशभर के शिक्षकों के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर हो रहे अन्याय के खिलाफ आयोजित की जा रही है, जिसे विभिन्न राज्यों का समर्थन मिल चुका है।

जूनियर अध्यक्ष रामाजी यादव ने बताया कि देवरिया से लगभग 1000 शिक्षक रैली में भाग लेंगे और प्रत्येक ब्लॉक से कम से कम 50 शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक का संचालन जिला संयुक्त मंत्री ऋषिकेश जायसवाल व मीडिया प्रभारी संदीप कुमार द्विवेदी ने किया। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश मणि, उपाध्यक्ष बैजनाथ पति त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के नेतृत्व में सशक्त एवं प्रभावी पैरवी के चलते नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी को 10 वर्ष के कारावास और 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) चन्द्रगुप्त यादव की अदालत ने सुनाया। मामला थाना कोतवाली शहर क्षेत्र का है। 27 जनवरी को पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि नामजद आरोपित ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाया और दुष्कर्म किया। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की और साक्ष्य संकलन के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मामले को प्राथमिकता देते हुए थाना कोतवाली शहर पुलिस और मॉनिटरिंग सेल ने सशक्त पैरवी की। न्यायालय में गवाहों की प्रभावी प्रस्तुति के चलते आरोपी के खिलाफ आरोप सिद्ध हो गया। अभियोजन पक्ष से एसपीपी सनातन कुमार, विवेचक उपनिरीक्षक बसन्तलाल, कोर्ट मुहर्रिर आरक्षी पंकज गौड़, महिला आरक्षी गुंजन यादव और पैरोकार आरक्षी सोनू राव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। न्यायालय ने दोषसिद्ध अभियुक्त राममूरत सोनकर को 10 वर्ष का कठोर कारावास और 15 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## हत्या के प्रयास में तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के भटनी थाना पुलिस ने शनिवार को हत्या के प्रयास के मामले में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। भाटपाररानी क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि भटनी पुलिस ने लल्लन तिराहा के पास से ग्राम धर्मखोर बाबू निवासी अर्जुन यादव, अजीत यादव और रोहित कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि बीती 22 जनवरी को राजा ठाकुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि इंटरलॉकिंग सड़क की मरम्मत को लेकर हुए विवाद में अभियुक्तों ने लाठी-डंडे और फावड़े से उसके भाईयों राजेश और हरिकेश को मारापीटा था। इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये थे। पुलिस की तहरीर के आधार पर आरोपितों की तलाश कर रही थी, तभी लल्लन तिराहा के पास से तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। इन सभी के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना अभियान का उद्देश्य : शशांक मणि



देवरिया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान भटनी नगर पंचायत में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए था। इस अभियान के दौरान सात वर्ग आयोजित किए गए। इनमें पार्टी के कार्यकर्ताओं को संगठन की संरचना, विचारधारा के सिद्धांत और कार्यशैली से संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस महाअभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना और उन्हें सरकार की जनहितकारी योजनाओं का सजग प्रहरी बनाना है। ताकि वे आमजन तक जानकारी पहुंचाकर संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत कर सकें। इस दौरान डॉ. अर्चना पांडे, गंगा सिंह कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्रा, हितेंद्र तिवारी, अमित तिवारी, आशीष पासवान उपस्थित रहे।

# नौकर ने की मुर्गा फार्म के मालिक की लोहे के पाइप से पीटकर हत्या

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




नोएडा। जिले में थाना जारचा क्षेत्र के खटाना गांव के एक मुर्गा फार्म हाउस में काम करने वाले नौकर ने शनिवार को मालिक से हुए विवाद में उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने नौकर को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि शनिवार सुबह को थाना जारचा पुलिस को सूचना मिली कि खटाना गांव में स्थित मुर्गा फार्म हाउस के मालिक प्रशांत सिंह (33) को किसी अज्ञात व्यक्ति ने सिर में चोट मार कर हत्या कर दी है। सूचना के आधार पर थाना जारचा पुलिस मौके पर पहुंची। वहां पर फिल्ड यूनिट को बुलाया गया। घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए जांच की गई। जांच में पाया गया कि मृतक प्रशांत सिंह एवं उनके नौकर यशवीर, जो ग्राम टोली थाना जहांगीराबाद बुलंदशहर रहने वाला है, के मध्य किसी बात को लेकर शुक्रवार की रात को गाली गलौज हुई थी। इसी विवाद के चलते यशवीर ने लोहे की पाइप से प्रशांत के सिर पर प्रहार किया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। थाना जारचा पुलिस ने आरोपित यशवीर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पूछताछ में यशवीर ने बताया है कि उसका मालिक शराब पीकर उसे रोज पीटता था। शुक्रवार की रात को भी उसने पीटा। जब उसका मालिक सोने चला गया तो उसने देर रात को उसके ऊपर लोहे के पाइप से हमला कर उसकी हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी ने मृतक का मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त लोहे के पाइप को खेत में छुपा दिया था। पुलिस ने उसे भी बरामद कर लिया है। यह खबर जैसे ही गांव में फैली, आक्रोशित ग्रामीण शनिवार को सड़कों पर उतर आए और खटाना पुल पर जाम लगा दिया। माहौल तनावपूर्ण हो गया, लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और जल्द खुलासे का भरोसा दिलाकर लोगों को शांत कराया। फिलहाल पुलिस ने मुख्य आरोपी नौकर यशवीर को हिरासत में लेकर हत्या में इस्तेमाल लोहे का पाइप बरामद कर लिया है, जबकि एक अन्य नौकर से भी पूछताछ जारी है। मृतक के भाई प्रभात ने इस मामले में यशवीर और वहां काम करने वाले एक अन्य नौकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

# गन्ने की रिकॉर्ड पेराई के साथ हरगांव चीनी मिल का संचालन हुआ बंद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सीतापुर। हरगांव कस्बे में स्थित अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड का पेराई सत्र शनिवार को अंतिम पेराई के साथ संपन्न हो गया। इस सत्र में मिल ने किसानों के 1 करोड़ 90 लाख 53 हजार कुंतल से अधिक गन्ने की पेराई कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

समापन अवसर पर अधिशासी अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि पेराई सत्र को सफलतापूर्वक संचालित करने में केन, इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग सहित सभी विभागों का अहम योगदान रहा। अधिशासी उपाध्यक्ष (गन्ना) शरद सिंह ने बताया कि 21 मार्च से मिल गेट पर मुक्त गन्ना खरीद की जा रही थी और क्षेत्र के समस्त गन्ने की पेराई पूर्ण होने के बाद मिल को बंद किया गया।

उन्होंने बताया कि पेराई सत्र 28 अक्टूबर 2025 को शुरू हुआ था, जो कुल 151 दिनों तक चला। इस दौरान मिल ने पिछले वर्ष की तुलना में 17 लाख कुंतल अधिक गन्ने की पेराई की। खास बात यह रही कि मिल 13 दिन कम चली, फिर भी प्रति दिन औसत पेराई सर्वाधिक रही। शरद सिंह ने किसानों से अपील की कि वे गन्ने की बुवाई के लिए उन्नत किस्म के बीजों का चयन करें और अस्वीकृत व डुप्लीकेट प्रजातियों जैसे 5009, 9709, 91269, 84212, 119, 160 की बुवाई से बचें।

# केकेआर की कमजोर दिख रही टीम के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार होगा मुंबई

एजेंसी

मुंबई। खेल के सभी विभागों में मजबूत दिख रही मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पांच साल के खिताब के सूखे को खत्म करने के लिए रविवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना करेगी, जिसकी टीम कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से कमजोर नजर आ रही है। मुंबई इंडियंस ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता था लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों से चैंपियन नहीं बन पाया है। इस बार उसकी निगाह अपना छठा खिताब जीतने पर होगी और इसके लिए वह शानदार शुरुआत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पिछले साल हार्दिक



पंड्या की अगुवाई वाली टीम क्वालीफायर दो में पंजाब किंग्स से हारने के बाद तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन मुंबई इंडियंस इस बार अच्छी तैयारी के साथ मैदान पर उतर रहा है। रोहित शर्मा फॉर्म में वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे। रोहित के अलावा उसकी टीम में कई स्टार खिलाड़ी हैं जिनमें भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के खिलाड़ी कप्तान सूर्यकुमार यादव, पंड्या, तिलक वर्मा और जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं। मुंबई इंडियंस के पास कई शानदार विदेशी खिलाड़ी भी हैं, जिनमें रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, कॉर्बिन बॉश, न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर, विल जैक्स, एएम ग़ज़नफ़र और ट्रेंट बोल्ट प्रमुख हैं। बुमराह और बोल्ट की जोड़ी खतरनाक साबित हो सकती है। शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर के रूप में मुंबई इंडियंस के पास दो अनुभवी भारतीय गेंदबाज हैं, जबकि नमन धीर एक बार फिर फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह से निभाने की कोशिश करेंगे। पिछले साल उन्होंने अपनी इस भूमिका के साथ पूरा न्याय किया था। इसलिए मुंबई के लिए सबसे बड़ी चुनौती अंतिम एकादश में उचित संयोजन तैयार करना होगा। उसकी टीम शुरुआत में कुछ मैच जीतने के लिए प्रतिबद्ध होगी क्योंकि अक्सर वह अच्छी शुरुआत करने में नाकाम रही है। मुंबई में खेलने के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स में कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के रूप में कुछ स्थानीय खिलाड़ी भी नजर आएंगे लेकिन उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आता है जिसका मुंबई इंडियंस पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। नीलामी के समय केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण अच्छा नजर आ रहा था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर फ्रेंचाइजी ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर कर दिया था जबकि उसके दो भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और हर्षित राणा चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। जिंबॉब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी प्रतिभाशाली हैं लेकिन उन पर दबाव हो सकता है।

# धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण आईपीएल के पहले दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी पिंडली की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले दो सप्ताह में नहीं खेल पाएंगे। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीएसके ने बयान में कहा, ''महेंद्र सिंह धोनी फिलहाल पिंडली की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। इस कारण उनका आईपीएल 2026 के पहले दो सप्ताह में खेलने की संभावना नहीं है। धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से आईपीएल खेलना जारी रखा है। इस 44 वर्षीय खिलाड़ी के आईपीएल में भविष्य को लेकर प्रत्येक सत्र में कयास लगाए जाते हैं। धोनी अब सिर्फ आईपीएल में खेलते हैं इसलिए उनके लिए मैच फिटनेस बनाए रखना और भी मुश्किल



हो जाता है। रुतुराज गायकवाड़ हालांकि टीम के कप्तान हैं, लेकिन टीम की रणनीति धोनी के इर्द-गिर्द ही घूमती है। वह आईपीएल की शुरुआत से ही इस टीम से जुड़े हुए हैं। धोनी ने पिछले आईपीएल में 14 मैच खेले थे और निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए फिनिशर की भूमिका निभाई थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से उन्हें घुटने की समस्या से बार-बार जूझना पड़ा है और 2023 में उनकी सर्जरी भी हुई थी। सीएसके आईपीएल 2026 में अपने अभियान की शुरुआत 30 मार्च को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पंत की सुझाव लेने के प्रति खुली सोच से सकारात्मक माहौल बनता है : मिचेल मार्श

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम के कप्तान मिचेल मार्श ने ऋषभ पंत की नेतृत्वक्षमता की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का कप्तान सुझाव लेने की प्रति खुली सोच रखता है जिससे टीम के अंदर सकारात्मक माहौल पैदा होता है। एलएसजी के पास मार्श और एडन मार्करम के रूप में दो अंतरराष्ट्रीय कप्तान हैं। मार्श ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा, ''बात बस इतनी सी है कि आप अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें, ऋषभ को हर संभव सहयोग दें। वह एक बेहतरीन युवा खिलाड़ी है जो अपनी टीम का नेतृत्व बखूबी करता है। वह हमेशा फीडबैक और सुझाव लेने के लिए तैयार रहता है और उस पर अमल भी करता है। उन्होंने कहा, ''हमारी टीम में कुछ बहुत अच्छे नेतृत्वकर्ता हैं जो काफी महत्व रखते हैं। मेरे लिए जहां जरूरत है वहां योगदान देना महत्वपूर्ण है। मार्श ने कहा कि अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना और टीम पर सकारात्मक प्रभाव डालना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा, ''मैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करूंगा। पिछला साल मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से काफी अच्छा रहा था और तब मैंने निरंतरता बनाए रखी थी। लेकिन मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं इस टीम पर सकारात्मक प्रभाव कैसे डाल सकता हूं और अधिक से अधिक मैच जीतने में कैसे योगदान दे सकता हूं। मार्श ने सकारात्मक माहौल बनाने में टीम के मालिक संजीव गोयनका और पंत की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा, ''एलएसजी के साथ मेरा सफर शानदार रहा है। पिछले साल फ्रेंचाइजी ने मेरा बहुत अच्छे से ख्याल रखा। इस साल भी ऐसा ही लग रहा है। हमारी टीम में बहुत अपनापन है और उम्मीद है कि हम इस माहौल को बरकरार रख पाएंगे और लोगों को दिखा पाएंगे कि हमारे लिए एलएसजी के लिए खेलना कितना मायने रखता है। मार्करम के साथ मैदान पर और मैदान के बाहर के संबंधों के बारे में मार्श ने कहा कि समय के साथ दोनों अच्छे दोस्त बन गए हैं और पिछले सत्र में दोनों ने बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन किया। आईपीएल 2025 में मार्श ने 627 रन और मार्करम ने 445 रन बनाए। मार्श ने कहा, ''पिछले साल मैंने एडन के साथ बहुत अच्छा समय बिताया। हम अतीत में एक दूसरे के खिलाफ कई बार खेल चुके हैं लेकिन किसी को आप तभी अच्छी तरह से समझ पाते हैं जब आप एक टीम की तरफ से खेलते हैं। उन्होंने कहा, '' जब आप एक साथ खेलते हैं, तो मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह आपका रिश्ता मज़बूत होना चाहिए। पिछले साल हम अच्छे दोस्त बन गए। शीर्ष क्रम में अपनी रणनीति के बारे में मार्श ने कहा कि मुश्किल लक्ष्य तय करने के बजाय परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा, ''कुछ मैचों में आपकी शुरुआत अच्छी होती है। मुझे लगता है कि पिछले साल हमने पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन आपको परिस्थितियों के अनुसार खेलना होता है। आप निश्चित रूप से जितना हो सके उतना प्रभाव डालने और बेहतरीन शुरुआत दिलाने की कोशिश करते हैं। लेकिन हमारा ध्यान किसी निश्चित संख्या पर नहीं है।

### रेंटोमोजो ने आईपीओ के लिए सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किए

**नयी दिल्ली।** घरेलू फर्नीचर और उपकरण किराये पर देने वाली कंपनी रेंटोमोजो लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। शुक्रवार को दाखिल की गई विवरण पुस्तिका (डीआरएचपी) के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 150 करोड़ रुपये तक के शेयर का नया निर्गम और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 2,83,99,567 शेयर तक की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

### बायोकॉन लिमिटेड ने श्रीहास तांबे को सीईओ और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया

**नयी दिल्ली।** बायोकॉन लि. ने शुक्रवार को श्रीहास तांबे को कंपनी का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की। यह नियुक्ति एक अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगी। कंपनी ने बयान में कहा कि एकीकृत बायोकॉन के पहले सीईओ के रूप में वह बायोसिमिलर्स और जेनेरिक दवाओं के संयुक्त मंच का नेतृत्व करेंगे। इससे कंपनी की बड़े पैमाने पर काम करने की क्षमता मजबूत होगी और वह वैश्विक बाजारों में प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा कर पाएगी। इसके अलावा, बायोकॉन ने बताया कि केदार उपाध्याय को मुख्य वित्त अधिकारी भी नियुक्त किया गया है। नेतृत्व में यह बदलाव बायोकॉन बायोलॉजिक्स लिमिटेड को बायोकॉन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी के रूप में पूरी तरह से एकीकृत करने की प्रक्रिया का हिस्सा है। इससे एक सरल और एकीकृत कॉरपोरेट ढांचा तैयार होगा। इस पर टिप्पणी करते हुए बायोकॉन लिमिटेड की कार्यकारी चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने कहा कि कंपनी हमेशा मरीजों की जरूरतों को पहले से समझकर और भविष्य के अनुसार तैयारी करके लगातार बढ़ती रही है।

### डब्ल्यूटीओ में सहमति-आधारित निर्णय प्रक्रिया महत्वपूर्ण, इस पर कोई समझौता नहीं: गोयल

नयी दिल्ली। भारत ने शुक्रवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की सहमति-आधारित निर्णय प्रक्रिया पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता और इसे इस बहुपक्षीय संस्था की नींव बताया। कैमरून के याउंडे में विश्व व्यापार संगठन के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) के दूसरे दिन एक सत्र को संबोधित करते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वर्तमान गतिरोध की व्यापक और रचनात्मक समीक्षा करने की जरूरत है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, विश्वास फिर से बनाना बहुत जरूरी है ताकि सहमति-आधारित निर्णय प्रक्रिया को मजबूत किया जा सके। यह प्रक्रिया अपरिवर्तनीय है और डब्ल्यूटीओ की नींव भी है।

## ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 103 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई

सेंट किट्स। सेंट किट्स के बासेटेरे में शुक्रवार रात खेले गए पहले वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने दमदार प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को 103 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। नई कप्तान सोफी मोलिन्यूक्स के नेतृत्व में टीम ने शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 341 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम की शुरुआत मजबूत रही और ओपनिंग जोड़ी ने 75 रन जोड़े। जॉर्जिया वोल ने 32 गेंदों में 42 रन बनाए, जबकि फोएबे लिचफील्ड ने 72 गेंदों पर 77 रनों की अहम पारी खेली। एलिस पेरी ने 46 गेंदों में 44 रन बनाकर टीम को मजबूती दी। मध्यक्रम में कप्तान सोफी मोलिन्यूक्स ने 47 रन बनाए और निकोला कैरी (49) के साथ 91 रनों की साझेदारी की। अंत में जॉर्जिया वेयरहैम ने 42 रन बनाकर टीम को 300 के पार पहुंचाया। वेस्टइंडीज की ओर से अफी फ्लेचर ने 3 विकेट लिए, लेकिन काफी महंगे साबित हुईं।

# कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा प्रज्ञाननंदा को

एजेंसी

पाफोस (साइप्रस)। आठ खिलाड़ियों की एलीट प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में भाग ले रहे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा को रविवार से यहां शुरू होने वाले कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इस टूर्नामेंट का विजेता खिलाड़ी इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का सामना करेगा। इस टूर्नामेंट में आठ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जो डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक खिलाड़ी अन्य सभी प्रतिभागियों का दो बार सामना करेगा और सबसे अधिक अंक हासिल करने वाला खिलाड़ी विश्व चैंपियन बनने के लिए गुकेश को चुनौती देने का अधिकार हासिल करेगा। हाल के प्रदर्शन को देखते हुए अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना प्रबल दावेदार नजर आते हैं लेकिन उनके हमवतन हिकारू नाकामुरा का दावा भी मजबूत है जिन्होंने अपनी रेटिंग के




आधार पर क्वालीफाई किया है। नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी भी अच्छी फॉर्म में हैं और उन पर नजर रखने की जरूरत है। अगर उनकी लय कायम रहती है, तो वह मजबूत दावेदार साबित होंगे। चीन के वेई यी, उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव तथा एंड्री एसेपेंको और मैथियास ब्लूबाउम अन्य चार खिलाड़ी हैं जो इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। प्रज्ञाननंदा के लिए कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की तैयारी पूरी तरह से आसान नहीं रही है। हालांकि लंबे और सुनियोजित अवकाश के बाद यह भारतीय खिलाड़ी तरोताजा महसूस कर रहा होगा। फरवरी में टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के बाद से इस युवा ग्रैंडमास्टर ने कोई भी टूर्नामेंट नहीं खेला है और इसके बजाय उन्होंने अपनी टीम के साथ इस प्रतियोगिता की तैयारी की। कैंडिडेट्स के लिए क्वालीफाई करने के बाद प्रज्ञाननंदा की फॉर्म में गिरावट देखी गई, जो इस वर्ष की शुरुआत में टाटा स्टील मास्टर्स में भी जारी रही। भारतीय खिलाड़ी को अगर विश्व चैंपियनशिप में दो भारतीयों के बीच मुकाबला तय करना है तो उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस प्रतियोगिता के अप्रत्याशित दावेदार सबसे युवा प्रतिभागी सिंदारोव हैं, जिन्होंने पिछले साल गोवा में शतरंज विश्व कप जीतकर सबको चौंका दिया था। महिला वर्ग में चीन की पूर्व महिला विश्व चैंपियन टैन झोंगयी मजबूत दावेदार हैं लेकिन उनके लिए भी चुनौती आसान नहीं होगी। सुरक्षा कारणों से दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी के नाम वापस लेने के बाद पिछले साल की नॉर्वे शतरंज की विजेता अन्ना मुज़िचुक ने भारतीय खिलाड़ी का स्थान लिया है। भारतीय खिलाड़ियों में सबकी निगाहें दिव्या देशमुख पर होंगी, जिन्होंने 2025 में महिला विश्व कप जीता था। आर वैशाली इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी हैं। वह साहसिक फैसले करने के लिए जानी जाती हैं और उनका एकमात्र लक्ष्य जीत हासिल करना होता है। ऐसे में उनकी दावेदारी को कम करके नहीं आंका जा सकता है। झू जिनर भी एक ऐसी खिलाड़ी हैं जिन पर नजर रखनी चाहिए, क्योंकि वह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को भी कड़ी चुनौती देने के लिए जानी जाती हैं। बिबिसारा असाउबायेवा ने भी खुद को एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी के रूप में स्थापित किया है।

## नवनीत कौर ने प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिलने पर जताई खुशी, टीम को किया समर्पित

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की स्टार फॉरवर्ड नवनीत कौर ने हॉकी इंडिया आठवें वार्षिक अवॉर्ड्स 2025 में 'प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला)' का प्रतिष्ठित सम्मान मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्हें यह सम्मान हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड के तहत प्रदान किया गया। नवनीत कौर के लिए बीता साल बेहद शानदार रहा, जहां उन्होंने भारतीय टीम के लिए लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया। हैदराबाद में आयोजित एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप क्वालीफायर में उन्होंने अहम भूमिका निभाते हुए भारत को रजत पदक दिलाने में योगदान दिया। इस टूर्नामेंट में उन्होंने चार गोल किए और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' भी चुनी गईं। इसके अलावा महिला एशिया कप 2025 में भी नवनीत का प्रदर्शन दमदार रहा, जहां भारत ने रजत पदक जीता। इस प्रतियोगिता में उन्होंने छह गोल दागे। इसी दौरान उन्होंने अपने करियर का एक बड़ा मुकाम हासिल करते हुए 200 अंतरराष्ट्रीय मैच भी पूरे किए।

# मेरा एकमात्र लक्ष्य अपनी टीम के लिए मैच जीतना है: रघुवंशी

एजेंसी

मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी का कहना है कि वह अपनी टीम के प्रदर्शन के आधार पर अपने खेल का आकलन करते हैं और इसके साथ ही वह शीर्ष क्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर के रूप में अपने कौशल को बढ़ाने पर लगातार काम कर रहे हैं। जिस टीम में न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट और भारत के अनकैप्ड (जिन्होंने अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) खिलाड़ी तेजस्वी दहिया विशेषज्ञ विकेटकीपर के रूप में मौजूद हैं, उसमें रघुवंशी का विकेट के पीछे का कौशल केकेआर के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है क्योंकि उनकी टीम के लिए इंडियन प्रीमियर लीग में सही संयोजन तैयार करना एक चुनौती होगी। रघुवंशी ने कहा, ''घरेलू क्रिकेट की मेरी टी20 टीम मुंबई को विकेटकीपिंग के लिए मेरी जरूरत थी, इसलिए मैंने इसे स्वीकार किया। यह एक नई चुनौती थी जिसने मुझे बहुत मजा आया। मैंने बहुत अभ्यास किया है और अब देखते हैं कि परिणाम कैसा निकलता है। भारतीय टीम में सभी प्रारूपों में जगह पाने की होड़ तेज हो रही है तथा यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा जैसे विशेषज्ञ बल्लेबाज भी लगातार अपनी गेंदबाजी कौशल को निखारने में जुटे हैं, ऐसे में रघुवंशी को भी कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, ''मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचता। मैं बस अपने खेल को जितना हो सके बेहतर बनाने पर ध्यान देता हूं। क्रिकेट काफी गतिशील खेल है और इसलिए मैं अपनी बल्लेबाजी के साथ-साथ अपने फील्डिंग कौशल और विकेटकीपिंग कौशल पर भी लगातार काम कर रहा हूं। मैं जितना हो सके उतना बेहतर बनने की कोशिश कर रहा हूं। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी को मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में ज्यादा मौके नहीं मिले, लेकिन उन्होंने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी दोनों टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। रघुवंशी ने कहा, ''मैंने अपनी तरफ से पूरी तैयारी की, लेकिन मैं अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन केवल इस आधार पर करता हूं कि टीम जीती है या नहीं। उम्मीद है कि आईपीएल में मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगा और अपनी टीम को जीत दिलाने में योगदान दूंगा। अपने गुरु और कोच अभिषेक नायर के केकेआर के मुख्य कोच के रूप में पदभार संभालने के बाद रघुवंशी को विश्वास है कि उन्हें इस पूर्व भारतीय खिलाड़ी से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, ''यह मेरे साथ-साथ पूरी टीम के लिए कुछ नया सीखने का बहुत अच्छा मौका होगा।

## थर्मैक्स की अनुषंगी कंपनी को 1,600 करोड़ रुपये का 'बॉयलर पैकेज' ऑर्डर मिला

नयी दिल्ली। ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी थर्मैक्स की अनुषंगी थर्मैक्स बैबकॉक एंड विल्कॉक्स एनर्जी सॉल्यूशंस (टीबीडब्ल्यूएस) ने एक अत्याधुनिक तापीय विद्युत परियोजना के लिए लगभग 1,600 करोड़ रुपये के बॉयलर पैकेज आपूर्ति का ऑर्डर हासिल किया है।

कंपनी के अनुसार, यह ऑर्डर भारत की एक प्रमुख तापीय ऊर्जा परियोजना कंपनी से 800 मेगावाट के संयंत्र के लिए मिला है। बयान में कहा गया है कि ऑर्डर के तहत बॉयलर का निर्माण, आपूर्ति, चालू करना और प्रदर्शन परीक्षण शामिल है। थर्मैक्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष भंडारी ने कहा, 'यह ऑर्डर थर्मैक्स के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता है और बड़ी ऊर्जा परियोजनाओं को संभालने में हमारी क्षमताओं को और मजबूत करता है।

# पाकिस्तान, आईएमएफ ने 1.2 अरब डॉलर की राशि को लेकर किया समझौता

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने दो अलग-अलग व्यवस्थाओं के तहत लगभग 1.2 अरब डॉलर के लिए एक शुरुआती समझौता किया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने शनिवार को बताया कि दोनों पक्षों ने विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) की तीसरी समीक्षा और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और अन्य पर्यावरण अनुकूल पहल ( रेजिलिएंस एंड सस्टेनेबिलिटी फैसिलिटी) से जुड़ी सुविधा के तहत दूसरी समीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कर ली है। आईएमएफ के प्रतिनिधिमंडल ने 25 फरवरी से दो मार्च तक कराची और इस्लामाबाद में पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ बातचीत की थी, लेकिन उस समय कोई समझौता नहीं हो पाया था। इसके बाद बातचीत ऑनलाइन जारी रही और अंत में मुद्राकोष के अधिकारियों और सरकार के बीच सहमति बन गई। आईएमएफ ने एक बयान में कहा कि उसके अधिकारियों और पाकिस्तान के अधिकारियों के बीच इन दोनों व्यवस्थाओं की समीक्षा को लेकर सहमति बन गई है। पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय ने भी कहा कि 37 महीने की ईएफएफ व्यवस्था और 28 महीने की आरएसएफ व्यवस्था की समीक्षा पर सहमति बन गई है। आईएमएफ की मिशन प्रमुख इवा पेट्रोवा ने कहा कि बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद पाकिस्तान को ईएफएफ के तहत लगभग एक अरब डॉलर और आरएसएफ के तहत करीब 21 करोड़ डॉलर की राशि मिल सकेगी। पाकिस्तान 2024 में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सात अरब डॉलर के ईएफएफ कार्यक्रम में शामिल हुआ, जिसका उद्देश्य अर्थव्यवस्था को मजबूत करना, बाजार में विश्वास बहाल करना, राजकोषीय सुधारों को बनाए रखना और ऊर्जा क्षेत्र की अक्षमताओं को कम करना है।

## सरकार ने पीएम ई-ड्राइव योजना में संशोधन किया ई-स्कूटर, ई-रिक्शा के लिए नई समय सीमा निर्धारित

नयी दिल्ली। सरकार ने ई-स्कूटर और ई-रिक्शा के लिए नई समयसीमा और अधिकतम वाहनों की संख्या तय करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की योजना पीएम ई-ड्राइव में संशोधन किया है। केंद्र सरकार ने 10,900 करोड़ रुपये की पीएम ई-ड्राइव (पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहांसमेंट) दिशानिर्देश संशोधित किए हैं। इसके अनुसार, 31 जुलाई, 2026 तक पंजीकृत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 31 मार्च, 2028 तक पंजीकृत इलेक्ट्रिक तीनपहिया वाहन (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) योजना के तहत प्रोत्साहन पाने के पात्र होंगे। प्रोत्साहन राशि का लाभ उठाने के लिए अधिकतम 'शोरूम' कीमत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए 1.5 लाख रुपये और इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) के लिए 2.5 लाख रुपये तक सीमित है। पीएम ई-ड्राइव योजना एक सीमित निधि वाली योजना है। इस योजना के तहत कुल भुगतान 10,900 करोड़ रुपये के योजना परिव्यय तक सीमित रहेगा। भारी उद्योग मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा, 'यदि योजना या इसके संबंधित उप-घटकों के लिए धनराशि योजना की अंतिम तिथि, यानी 31 मार्च 2028 से पहले समाप्त हो जाती है, तो योजना या इसके संबंधित उप-घटकों को तदनुसार बंद कर दिया जाएगा, यानी आगे कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# बीते वर्ष बेरोजगारी मामूली घटकर 3.1 प्रतिशत पर: सरकारी सर्वेक्षण

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए समग्र बेरोजगारी दर जनवरी से दिसंबर 2025 के दौरान मामूली घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो एक वर्ष पहले 3.2 प्रतिशत थी।

सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2025 में कहा गया कि बेरोजगारी दर के अनुमान विभिन्न क्षेत्रों और स्त्री एवं पुरुष में बेरोजगारी कम करने की दिशा में निरंतर प्रगति का संकेत देते हैं। सर्वेक्षण के अनुसार देश में महिलाओं की बेरोजगारी दर 2025 में 3.1 प्रतिशत पर ही बनी रही, जो एक वर्ष पहले के स्तर के बराबर है। वहीं पुरुषों के लिए




यह 2025 में 3.3 प्रतिशत से घटकर 3.1 प्रतिशत हो गई। इसमें कहा गया कि 2025 में ग्रामीण बेरोजगारी दर 2.4 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पहले 2.5 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला बेरोजगारी दर 2.1 प्रतिशत रही, जो पुरुषों की बेरोजगारी दर (2.6 प्रतिशत) से कम है। शहरी क्षेत्रों में पुरुष और महिला बेरोजगारी दर क्रमशः 4.2 प्रतिशत और 6.4 प्रतिशत तक कम हुई। स्व-रोजगार का हिस्सा कुल स्तर पर 2024 के 57.5 प्रतिशत से घटकर 2025 में 56.2 प्रतिशत रह गया। पुरुषों में यह 52.9 प्रतिशत से घटकर 52 प्रतिशत और महिलाओं में 66.5 प्रतिशत से घटकर 64.2 प्रतिशत हो गया । रिपोर्ट में कहा गया कि इस कमी के साथ नियमित वेतनभोगी रोजगार का हिस्सा बढ़कर 22.4 प्रतिशत से 23.6 प्रतिशत हो गया। यह वृद्धि पुरुषों में 25.4 प्रतिशत से बढ़कर 26.5 प्रतिशत और महिलाओं में 16.6 प्रतिशत से बढ़कर 18.2 प्रतिशत हुई। रिपोर्ट के अनुसार, कुल रोजगार में अस्थायी कामगारों (कैजुअल लेबर) का हिस्सा लगभग स्थिर रहा और यह 2024 के 20 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 20.2 प्रतिशत रहा जिसमें स्त्री व पुरुष के आधार पर केवल मामूली अंतर देखा गया।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बुलेट ट्रेन और हाईवे से मिलेगी नोएडा एयरपोर्ट तक सुपरफास्ट कनेक्टिविटी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



नोएडा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश के सबसे बेहतर कनेक्टिविटी नेटवर्क से जुड़ने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। सड़क, मेट्रो, रेल और हाईस्पीड रेल के जरिए इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जोड़ा जा रहा है। आने वाले कुछ वर्षों में दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हवाई अड्डों तक पहुंचने के लिए सुपरफास्ट कनेक्टिविटी मिलेगी। दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मथुरा, अलीगढ़, आगरा से यमुना एक्सप्रेस-वे के जरिए यात्री सीधे एयरपोर्ट पहुंच सकेंगे। इसी वर्ष तक दिल्ली, पलवल, फरीदाबाद, गाजियाबाद, बागपत से ईस्टर्न पेरिफ़ेरल एक्सप्रेस-वे से भी सीधी कनेक्टिविटी मिल जाएगी। गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा वेस्ट और ग्रेटर नोएडा, यमुना सिटी होते हुए नमो रेल से हाईस्पीड कनेक्टिविटी से नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक कुछ ही मिनटों में यात्री आना-जाना कर सकेंगे। देश की बड़ी परियोजना में शामिल बुलेट ट्रेन आने वाले वर्षों में दिल्ली, नोएडा होते हुए मध्य उत्तर प्रदेश के शहरों मे जाएगी। यमुना प्राधिकरण के एसीईओ और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया के मुताबिक गौतमबुद्ध नगर में बुलेट ट्रेन के दो स्टेशन बनाए जाने की योजना है। इसमें एक नोएडा के सेक्टर-148 में होगा, जोकि ग्रेटर नोएडा के भी नजदीक रहेगा। दूसरा स्टेशन एयरपोर्ट के पास प्रस्तावित है। बुलेट ट्रेन के जरिए यात्री दिल्ली से 20 मिनट में नोएडा एयरपोर्ट पहुंच सकेंगे। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट के लिए रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम या नमो भारत (आरआरटीएस) रूट को मंजूरी मिल गई है। गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक एक ही ट्रैक पर नमो भारत ट्रेन व मेट्रो चलाई जानी है। इसमें 11 स्टेशन नमो भारत व 11 स्टेशन मेट्रो के हैं। एयरपोर्ट से गाजियाबाद तक 72.2 किमी तक एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाएगा। पहले चरण में गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार से ग्रेटर नोएडा ईकोटेक-6 तक और दूसरे चरण में ईकोटेक-6 से एयरपोर्ट तक कॉरिडोर बनाया जाना है। इस पर 20637 करोड़ रुपये खर्च होने हैं।

## जौनपुर में पेट्रोल-डीजल को लेकर अफवाह से पंपों पर भीड़ जुटी

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में पेट्रोल और डीजल को लेकर अचानक बढ़ी मांग और अफवाहों के कारण शनिवार को शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ देखने को मिली। हालात ऐसे बन गए कि कई स्थानों पर बाइक और कार के लिए पेट्रोल की सीमा तय करनी पड़ी। कुछ पंपों पर बाइक में अधिकतम 200 रुपये और कार में 500 रुपये तक ही पेट्रोल दिया जा रहा है। कई जगहों पर 200 मीटर तक लंबी कतारें लगी है। शुक्रवार रात को ही नगर और आसपास के क्षेत्रों के कई पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म होने की स्थिति बन गई थी, जिसके बाद कुछ पंपों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। नईगंज तिराहा स्थित कुमार पेट्रोल पंप रात करीब 10 बजे बंद हो गया। ओलंदगंज, कचहरी, पॉलीटेक्निक चौराहा और वाजिदपुर के आसपास के पंपों पर भी पेट्रोल उपलब्ध नहीं हो सका, जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। खेतासराय क्षेत्र के खुदौली मार्ग स्थित मैनुद्दीनपुर पेट्रोल पंप पर सुबह से ही लंबी लाइन लग गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पंप प्रबंधन ने 200 रुपये तक ही पेट्रोल देना शुरू कर दिया। प्रबंधक जयराम गौतम ने बताया कि अधिकांश लोग टंकी फुल कराने पर अड़े थे, जिससे स्थिति और बिगड़ रही थी।

जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने बताया कि ईंधन की कोई कमी नहीं है लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है, लेकिन सोशल मीडिया पर फैली भ्रामक खबरों के कारण लोग घबराकर अधिक मात्रा में पेट्रोल-डीजल लेने पहुंच रहे हैं। वाजिदपुर स्थित प्रभा फीलिंग पंप भारत पेट्रोलियम के मैनेजर मनमोहन सिंह ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में तेल उपलब्ध है कोई समस्या नहीं है।

## जौनपुर में 1500 नए आरक्षियों के मिलने से मजबूत होगी पुलिस व्यवस्था :एडीजी पीयूष मोर्डिया



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) पीयूष मोर्डिया ने शनिवार को पुलिस कार्यालय एवं पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं का गहन निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान एडीजी ने पुलिस लाइन और कार्यालय में उपलब्ध संसाधनों, उनके रखरखाव एवं कार्य प्रणाली की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग लगातार आधुनिक तकनीक और उन्नत उपकरणों से लैस हो रहा है, जिससे कार्यक्षमता में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि थानों को भी नवीन संसाधनों से सुसज्जित किया गया है, जिससे पुलिसिंग और प्रभावी हुई है। पुलिस बल में बढ़ोतरी को लेकर उन्होंने कहा कि आगामी 20 अप्रैल के आसपास नए प्रशिक्षु आरक्षियों की पासिंग आउट परेड प्रस्तावित है। इसके बाद जौनपुर जिले को लगभग 1500 नए आरक्षी मिलने की संभावना है, जिससे पुलिस बल की संख्या में करीब डेढ़ गुना वृद्धि होगी और सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी। एडीजी ने अपराध नियंत्रण को लेकर कहा कि हाल ही में हुई अधिकांश आपराधिक घटनाओं का पुलिस द्वारा सफल खुलासा किया जा चुका है। शेष मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जनता की शिकायतों, विशेषकर सीयूजी नंबर पर कॉल रिसीव न होने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि व्यस्तता के कारण कभी-कभी ऐसा हो सकता है, लेकिन सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे समय पर फोन उठाकर आमजन की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस बल में वृद्धि के बाद गश्त और सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। साथ ही, वे स्वयं विभिन्न थानों का निरीक्षण कर जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का कार्य करेंगे।

## श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले में रामनगरी के राजघाट के निकट हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ स्थल में शनिवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना की जानकारी पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया। जिलाधिकारी और एसएसपी ने भी मौके का निरीक्षण किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ श्रीजीयर स्वामी के द्वारा कराया जा रहा है। महायज्ञ का संयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह कर रहे हैं। अज्ञात कारणों से यज्ञशाला में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। यज्ञशाला की आग गौशाला तक जा पहुंची थी। महायज्ञ की आज सुबह पूर्णाहुति कर दिया गया है। आग के समय यज्ञशाला में लोग मौजूद नहीं थे।

## प्लास्टर गिरने पर स्कूल में हंगामा, पुलिस-प्रशासन ने संभाला मोर्चा

**कानपुर।** घाटमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जहांगीराबाद पतारा में शनिवार को मॉडल प्राइमरी स्कूल की छत का प्लास्टर गिरने की घटना के बाद ग्रामीणों ने स्कूल परिसर में हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने हंगामा कर रहे ग्रामीणों को समझाकर मामला शांत कराया और स्थिति को नियंत्रित करते हुए जायजा लिया। आज तीन कक्षाओं के कमरे में अचानक छत से प्लास्टर के टुकड़े गिरने लगे, जिससे वहां बैठे छात्र-छात्राएं बाल-बाल बच गए। घटना से घबराकर ग्रामीण बड़ी संख्या में स्कूल पहुंच गए और व्यवस्थाओं को लेकर विरोध जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। प्रधानाचार्य पुष्पा ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गये।


संपादक मण्डल

संस्थापक/संरक्षक
संजीव श्रीवास्तव

प्रधान संपादक
हरिनाथ सिंह

समूह सम्पादक
डा. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

सलाहकार संपादक
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
राधेश्याम मिश्रा आईएएस (रि)
विवेक वार्ष्णेय आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी

स्थानीय संपादक
दिनेश कुमार गर्ग

कार्यकारी संपादक
अभयानंद शुक्ल

आध्यात्मिक संपादक
राम महेश मिश्र

ब्यूरो चीफ
मनोज कुमार शुक्ला

स्टेट कोआर्डिनेटर
विपिन सोनी

संपर्क मुख्यालय
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

संपर्क कार्यालय
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


## वाराणसी में 259 करोड़ से बिछेगा सीवर व पेयजल पाइप लाइन

■ नगर निगम ने पूरी की टेंडर की औपचारिकता

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




वाराणसी। केंद्र व राज्य सरकार ने वाराणसी शहर के बुनियादी ढांचे को और सुदृढ़ करने के लिए नगर निगम के साथ पूरी ताकत लगा दी है। इसके तहत नगर निगम के 18 अति-प्रभावित वार्डों और विस्तारित क्षेत्रों के लिए अमृत-2.0 योजना के तहत 259 करोड़ रुपये से अधिक की सीवर व पेयजल की तीन बड़ी परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रख सकते हैं। इसके लिए उप्र शासन ने प्रथम किश्त भी अवमुक्त कर दी है और नगर निगम ने टेंडर की औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। ऐसे में सीवर व पेयजल की पाइप लाइन बिछाने का कार्य जल्द ही शुरू होने की संभावना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्पों से अब शहर की पेयजल और सीवर व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव होना तय है। वहीं, नव विस्तारित क्षेत्र रामनगर व सूजाबाद में सीवर और पाइप लाइनों का जाल बिछने जा रहा है। रामनगर जोन में सीवर नेटवर्क और हर घर को सीवर कनेक्शन से जोड़ने के लिए शासन ने 190 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। रामनगर के तीनों वार्डों में 69.98 किमी. ब्रांच लाइन व 3.4 राइजिंग (मेन लाइन) लाइन के बिछाई जाएगी। इसके अलावा 10 एमएलडी की एसटीपी, दो सीवर पंपिंग स्टेशन (एसपीएस) बनाया जाएगा। इसी तरह, सूजाबाद जोन में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के विस्तार के लिए लगभग 35 करोड़ रुपये की योजना को हरी झंडी मिली है। खास बात यह है कि 13645 घरों में सीवर का कनेक्शन मुफ्त दिया जाएगा। यह जानकारी नगर निगम के जनसम्पर्क कार्यालय ने शनिवार को दी। सीवर और पाइप लाइन डालने का मुख्य उद्देश्य पुराने शहर के उन हिस्सों में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना है, जहां जनता के लिए समस्या आती थीं। शासन के संयुक्त सचिव देवेश मिश्र की ओर से जारी आदेश कहा गया है कि वाराणसी के विकास के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सीवर व पेयजल की पाइप लाइन करीब 200 साल पुरानी हैं। इसके कारण शहर में सीवर ओवरफ्लो गंभीर समस्या बनी हुई है। वहीं, लीकेज होने के कारण 48 प्रतिशत पानी लाइनलॉस होता है ऋ18 वार्डों में सीवर के साथ-साथ पेयजल की भी नई पाइप लाइन भी बिछने से पानी के लाइन लॉस पर लगाम लगना तय है। ऐसे में पेयजल आपूर्ति का प्रेशर भी बढ़ेगा। रामनगर सीवर नेटवर्क के लिए 190.09 करोड़ रुपये की स्वीकृति, 35.09 करोड़ रुपये अवमुक्त।। सूजाबाद में पेयजल योजना के लिए 34.77 करोड़ रुपये की स्वीकृति, 6.42 करोड़ रुपये अवमुक्त। 18 प्रभावित वार्ड में 33.44 करोड़ रुपये की स्वीकृति, 6.18 करोड़ रुपये अवमुक्त।

## बिहार के उपमुख्यमंत्री ने सपत्नी मां विंध्यवासिनी का किया दर्शन-पूजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मीरजापुर। चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सपत्नी विंध्याचल धाम पहुंचकर मां विंध्यवासिनी के दरबार में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। शुक्रवार को बिहार से ट्रेन से विंध्याचल पहुंचने के बाद देर रात उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर मां के चरणों में पूजन-अर्चन किया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में आहुति देकर देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन की संपूर्ण प्रक्रिया आचार्य विकास शुक्ला द्वारा कराई गई। दर्शन-पूजन के बाद उपमुख्यमंत्री ने रात्रि विश्राम विंध्याचल में ही किया। शनिवार सुबह पुनः मां का स्मरण कर अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। उपमुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी पूरे समय मुस्तैद रहे, जिससे दर्शन-पूजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## वाराणसी में विद्युत विभाग ने अभियान चलाकर किया मेंटेनेंस कार्य, लगाए नए पोल बदले तार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में विद्युत विभाग ने शनिवार को अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों पर नए पोल लगाए और कई जगहों पर ट्रांसफार्मर एवं तार बदलने का मेंटेनेंस कार्य किया। नगर विकास विद्युत खंड सारनाथ के पुराना दौलतपुर उपकेंद्र क्षेत्र में मॉडर्नाइजेशन योजना के तहत सुदामा नगर कालोनी में 11 केवी न्यू लाइन के लिए नए पोल लगाए गए। नया पोल लगने से उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिलेगा। इसी तरह चार सौ केवीए परिवर्तक जम्फर, डीओ को सही कर तत्काल विद्युत आपूर्ति सामान्य की गई। अपराह्न विद्युत कर्मचारियों ने मडुआडीह क्षेत्र में नया पोल लगाकर तार लगाने का कार्य किया। इसी तरह हरहुआ में खेती भूमि के किनारे से बिजली के पोल लगाने के कार्य को सावधानी पूर्वक किया गया। साथ ही तार काट कर जोड़ा भी गया। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शम्भु कुमार ने स्पष्ट आदेश में कहा कि वाराणसी जनपद के अंतर्गत किसी भी क्षेत्र को निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए मेंटेनेंस के कार्य को समयबद्ध होना है। झूलते तारों को हटाना है, कमजोर बिजली के पोल को बदलना है, जहां अभी पोल नहीं पहुंचे हैं, वहां पोल लगाने का कार्य भी समय से करना है। ट्रांसफार्मर में गड़बड़ी की सूचना पर तत्काल ही उसे ठीक करना है। गर्मियों के दिनों में विद्युत आपूर्ति घर-घर तक सुचारू रूप से देनी है।

## रसूलपुर गोगोमऊ-पामन-लालपुर खंड में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग का सफल शुभारम्भ

■ रेल परिचालन की संरक्षा, क्षमता और समयबद्धता में होगा अभूतपूर्व सुधार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे ने रेल परिचालन को आधुनिक, सुरक्षित एवं अधिक दक्ष बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। शनिवार को झाँसी मंडल के अंतर्गत रसूलपुर गोगोमऊऽपामनऽलालपुर खंड (कुल लंबाई 18.40 किमी) में उन्नत ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली को सफलतापूर्वक कमीशन कर दिया गया है।

वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि इस उन्नत प्रणाली के लागू होने से एक ही ट्रैक पर ट्रेनों का परिचालन कम अंतराल पर भी पूरी तरह से सुरक्षित रूप से संभव हो सकेगा। इससे न केवल लाइन क्षमता में भारी वृद्धि होगी, बल्कि ट्रेनों की समयबद्धता में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा। नई ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली मानवीय त्रुटियों की संभावना को न्यूनतम करती है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा का स्तर और अधिक सुदृढ़ हो गया है। उन्होंने बताया कि यह महत्वपूर्ण परियोजना उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन तथा प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता सतेंद्र कुमार, मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (प्रोजेक्टऽक्रक्र) भोलेन्द्र सिंह एवं मुख्यालय टीम के सक्रिय सहयोग से निर्धारित समय में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस परियोजना की प्रमुख विशेषताएँ : ABS प्रणाली की कमीशनिंगः 18.40 किलोमीटर लम्बे इस पूरे खंड में ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग (ABS) प्रणाली का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया है। -23 नए ऑटोमैटिक सिग्नलः ब्लॉक सेक्शन को छोटे-छोटे भागों में विभाजित करने के लिए 23 नए ऑटोमैटिक सिग्नल स्थापित किए गए हैं। इससे ट्रेनों का संचालन अधिक घनत्व एवं सुरक्षा के साथ संभव हुआ है। सटीक ट्रैकिंगः कुल 121 डिटेक्शन पॉइंट्स एवं 119 ट्रैक सेक्शन का प्रावधान किया गया है। इससे ट्रेन की सटीक लोकेशन का निर्धारण होता है और सिग्नलिंग की विश्वसनीयता बढ़ती है। आस्पेक्ट सिग्नलिंग में अपग्रेडेशनः 11 सिग्नलों को 4-आस्पेक्ट सिग्नलिंग प्रणाली में अपग्रेड किया गया है। इससे लोको पायलटों को काफी पहले से और अधिक स्पष्ट संकेत प्राप्त होंगे, जिससे ट्रेन नियंत्रण में आसानी होगी। समपार फाटकों की उन्नत इंटरलॉकिंगः कुल 06 समपार फाटकों (एलसी गेट नं. 224, 223, 222, 221, 220 एवं 216 'सी') को एबीएस प्रणाली के अनुरूप इंटरलॉक किया गया है। इससे रेल और सड़क दोनों उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। पीआरओ ने बताया कि इस सम्पूर्ण परियोजना का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन कानपुर प्रोजेक्ट इकाई द्वारा किया गया। इसमें उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (प्रोजेक्ट कानपुर) महेंद्र सिंह एवं निवेदिता त्रिपाठी का उत्कृष्ट योगदान एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्नत सिग्नलिंग प्रणाली के माध्यम से ट्रेन संचालन अब पहले से अधिक सुरक्षित, तीव्र एवं विश्वसनीय बन गया है। यह पहल भारतीय रेल के 'सुरक्षित, समयबद्ध एवं विश्वसनीय परिवहन' के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी।